RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 207 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 2 जून 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता ...



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भा.पु.से. ने किया पदभार ग्रहण पेज -8 पर

सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन, भक्ति की बही अद्भुत बयार

# मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र में छत्तीसगढ़ का भी अंश-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने रायगढ़ के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में तीन दिवसीय 'राष्ट्रीय रामायण महोत्सव' का किया शुभारंभ

जोहर छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि भगवान श्री राम ने अपने वनवास के 10 साल छत्तीसगढ़ में गुजारे। भगवान श्री राम ने वनवास के दौरान कितनी कठिनाई झेली पर अपनी मर्यादा नहीं खोई। भगवान राम जब वन गए तो मर्यादा पुरूषोत्तम बन गए। उनके इस चरित्र निर्माण में छत्तीसगढ़ का भी अंश है।

मुख्यमंत्री आज कला और साहित्य की नगरी रायगढ़ के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में तीन दिवसीय 'राष्ट्रीय रामायण महोत्सव' का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ माता कौशल्या और शबरी माता का प्रदेश है। यहां सदियों से निवास कर रहे आदिवासियों, वनवासियों का प्रदेश है। भगवान राम का राजतिलक होना था लेकिन वे वनवास गए, निषादराज से मिले, शबरी से मिले, ऋषि मुनियों से मिले। हमारा रिश्ता वनवासी राम के साथ ही कौशल्या के राम से भी है, इसलिए वे हमारे भांजे है, हम छत्तीसगढ़वासी भांजे का पैर छूते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार छत्तीसगढ़ में शासकीय रूप से राष्ट्रीय स्तर पर रामायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री राम जी के आदर्श चरित्र के श्रवण के लिए



यह सुंदर आयोजन किया जा रहा है यद्यपि यह राष्ट्रीय आयोजन है लेकिन इसमें कंबोडिया, इंडोनेशिया जैसे विदेशी दल भी हिस्सा ले रहे हैं, जिससे यह महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैंने राष्ट्रीय रामायण उत्सव के दौरान सुंदर मार्च पास्ट भी देखा इसमें रामनामी सम्प्रदाय का राम मार्चपास्ट भी देखा। इन्होंने पूरा जीवन श्री राम को समर्पित कर दिया है। वे निराकार में विश्वास करते हैं, जिस तरह कबीर निराकार में विश्वास करते हैं। इस तरह सबके अपने-अपने राम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम कथा हमारे दिलों में बसी हुई है। हमारी सुबह राम-राम से होती है और शाम भी राम-राम से होती है। हमारे हर गांव में रामलीला की सुंदर मंडलियां बनी हुई है। आमजन श्रीराम से गहरी आत्मीयता इसलिए महसूस करते हैं क्योंकि श्री राम सबके हैं, वे निषादराज के हैं, शबरी के हैं। सबसे अनुराग रखते हैं।

> * हमारे राम कौशल्या के राम, वनवासियों के राम और हम सब के भांजे
> * राम हमारे दिल में बसे हैं, हमारी सुबह राम से होती है, तो शाम भी राम के नाम से
> * दूसरे राज्यों के तीर्थ स्थलों में हमारे तीर्थ यात्रियों को सुविधा देने 2 एकड़ जमीन की मांग की गई

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने संस्कृति आदान-प्रदान के लिए उन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है, जहां तीर्थ स्थल हैं और इनमें 2 एकड़ जमीन चाही है ताकि हम अपने यात्रियों के लिए यहां रहने की अच्छी व्यवस्था बना सकें। साथ ही हम अपने तीर्थ स्थलों को भी विकसित कर रहे हैं ताकि हमारे यहां जो तीर्थयात्री आएं उन्हें



भी अच्छी सुविधा मिल पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का अधिकांश समय वनवासियों के साथ बिताया। उनके साथ गहरी आत्मीयता का वृतांत हमें रामायण में मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी संस्कृति के संवर्धन के लिए हम तीन वर्षों से राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। आदिवासियों के देवगुड़ी का संरक्षण कर रहे हैं, उनके घोटुल का संरक्षण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रायगढ़ के निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि रायगढ़ मानव संस्कृति के सबसे आरंभिक गवाहों में से रहा है, यहां के शैल चित्र बताते हैं कि मानव जाति के सबसे आरंभिक सांस्कृतिक विकास के उदाहरण यहां भी मिलते हैं। इस संस्कारधानी नगरी ने कला के क्षेत्र में लोगों को संस्कारित करने के लिए बड़ा कार्य किया है। केलो के संरक्षण के लिए हम काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि सीता राम चरित अति पावन, मधुर सरस अरु अति मनभावन। श्रीराम का आदर्श चरित्र हम सबको यहां सुनने को मिल रहा है निश्चय ही हम सब के लिए गौरव की बात है। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर यह अनुपम आयोजन हो रहा है। राम कथा के श्रवण से हम सब श्रीराम के आदर्शों पर आगे बढ़ने की प्रेरणा ग्रहण करेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि राम वन गमन पथ के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान श्रीराम से जुड़े स्थलों को विकसित करने का बड़ा काम किया है। पूर्व सांसद नंद कुमार साय ने भवभूति का उदाहरण देते हुए कहा कि भवभूति ने भगवान श्री राम का जो चरित्र कहा है उसी चरित्र के मुताबिक गरीबों की सेवा का कार्य छत्तीसगढ़ में हो रहा है। छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास ने कहा कि छत्तीसगढ़ में श्रीराम से जुड़े स्थलों को बढ़ाने के लिए एवं गौठान में गौ सेवा के लिए बहुत अच्छा कार्य हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार, सक्ती विधायक राम कुमार यादव, सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, रायगढ़ नगर निगम महापौर जानकी काटजू, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सामूहिक हनुमान चालीसा का हुआ आयोजन

*इस मौके पर सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन हुआ। भक्ति गीतों के गायक दिलीप षडंगी ने यह प्रस्तुति दी। उनके साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और हजारों दर्शक हनुमान जी की आराधना में लीन रहे। कार्यक्रम के आरंभ में विभिन्न राज्यों से और देशों से आए हुए दलों ने मार्च पास्ट किया। इंडोनेशिया और कंबोडिया से आए दलों ने अपने पारंपरिक परिधानों में लोगों का मन मोह लिया। रामनामी संप्रदाय के सदस्यों ने भी मार्च पास्ट किया। उत्तराखंड के दल की विशेषता यह रही कि इसमें अगुवाई रावण ने की। गोवा, कर्नाटक, उड़ीसा, मध्य प्रदेश आदि राज्यों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में 12 राज्यों के 270 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से 70 कलाकार और विदेशों से 27 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं।*







एक नजर

## 2 दिन पटरी पर नहीं दौड़ेगी 3 ट्रेनें, रद्द की गई



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने कटनी लाइन में चलने वाली तीन ट्रेनों को रद्द कर दिया है. 4 और 11 जून को इन ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है. जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है वह गरीबों की ट्रेन कही जाती है। इसमें छोटे छोटे स्टेशनों के मुसाफिर यात्रा कर अपने रोजगार के साथ ही अन्य जरूरी काम करते हैं. 4 और 11 जून को शहडोल बधवाबारा, लोरहा चंदिया रोड स्टेशन के बीच समपार फाटक को बंद कर उसके स्थान पर कट, कवर मेथड से अंडर ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है. इसके चलते यात्रियों को ये असुविधा उठानी पड़ेगी. इससे पहले बीते रविवार को कटनी बिलासपुर रोड पर चलने वाली इस लाइन की लाइफ लाइन कहे जाने वाली मेमू ट्रेन को रद्द कर दिया गया था. 4 और 11 जून को 08747/08748 बिलासपुर कटनी बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी.

4 जून को 08740 /08739 बिलासपुर शहडोल बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी. 4 और 11 जून को 06618 /06617 चिरमिरी कटनी चिरमिरी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी.

## पीएम नरेंद्र मोदी ने 75 रुपए का जो सिक्का जारी किया वह बिकेगा बाजार में पर इससे नहीं हो सकेगी खरीददारी

**रायपुर।** नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 75 रुपए का सिक्का जारी किया है। बहुत से लोग इस सिक्के को रखना और देखना चाह रहे हैं। यदि आप भी यह सिक्का पाना चाह रहे हैं तो हम आपको विस्तार से बताते हैं कि यह सिक्का कब और कैसे मिलेगा। चांदी सहित चार धातुओं से बना है यह 75 का सिक्का पीएम मोदी ने जो 75 रुपए का सिक्का जारी किया है, वह चार धातुओं को मिला कर बनाया गया है। इसमें 50 प्रतिशत चांदी और 40 प्रतिशत तांबा है। वहीं निकल और जस्ता पांच-पांच प्रतिशत है। 75 रुपए के इस एक सिक्के का वजन करीब 35 ग्राम है। इस 75 रुपये के सिक्के को कोई भी





व्यक्ति खरीद सकता है, लेकिन इससे बाजार में कोई खरीदी नहीं कर सकता। यानी ये सिक्के आम चलन के लिए नहीं हैं। जानकारों के अनुसार इस तरह के सिक्के चलन के लिए नहीं जारी किए जाते हैं, बल्कि यादगार के रूप में जारी किया जाता है, जिसे लोग संग्रहण करके रख सकते हैं। जानिए अब तक कितने विशेष सिक्के जारी हुए हैं

देश में यह कोई पहला मौका नहीं है जब कोई विशेष सिक्का जारी किया गया है। देश में अब तक करीब 160 ऐसे विशेष सिक्के? जारी किए जा चुके हैं।

इनमें पांच रुपए मूल्य से लेकर 50, 60, 100, 125, 200, 250, 500 और 550 सहित अन्य शामिल हैं। 100 रुपये का एक सिक्का 17 हजार में विशेष अवसरों को यादगार बनाने के लिए जारी इन सिक्कों की कीमत भी खास है। देश में अब तक करीब 160 विशेष सिक्के जारी किए गए हैं। इनमें सबसे महंगा वह 100 रुपए का सिक्का है, जिसे कॉमनवेल्थ के 60 वर्ष पूरे होने के मौके पर 2009 में जारी किया गया था। इस सिक्के की कीमत 17028 रुपए है।

## गीतांजली नगर में लाखों की चोरी, अंतर्राज्यीय आरोपी डी. रवि राव गिरफ्तार



**रायपुर।** थाना खम्हारडीह क्षेत्रांतर्गत गीतांजली नगर स्थित मकान में लाखों रुपए की चोरी करने वाला अंतर्राज्यीय आरोपी डी. रवि राव को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना खम्हारडीह क्षेत्रांतर्गत गीतांजली नगर निवासी प्रार्थी अब्दुल गनी के मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी प्रार्थी के घर से लाखों रुपए कीमत के सोने, हीरे एवं प्लेटिनम के जेवरात सहित नगदी रकम चोरी की किया था। आरोपी मूलतः गंजाम उड़ीसा का निवासी है। आरोपी पूर्व में भी चोरी के प्रकरण में आंध्र प्रदेश राज्य से रह चुका जेल निरूद्ध है।

आरोपी के कब्जे से चोरी की सोने एवं हीरा जड़ित प्लेटिनम के जेवरात कुल 24 तोला तथा नगदी रकम 80,500/- रुपए किया गया जब्त है। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 16,00,000/- रुपए है। आरोपी द्वारा चोरी के कुछ सोने के जेवरातों को उड़ीसा में राहगीरों को बिक्री करना, प्लेटिनम के कुछ जेवरातों को नकली समझ कर फेंकना बताने के साथ ही चोरी के पैसों से श्याम नगर तेलीबांधा में एक मकान किया गया क्रय है।

## छत्तीसगढ़ी एक्टर अनुज शर्मा सहित पद्मश्री बारले व पूर्व आईएएस आरपीएस त्यागी भाजपा में शामिल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सियासत में गुरुवार को बड़ा बदलाव आया। राजधानी रायपुर में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपर स्टार अनुज शर्मा भाजपा में शामिल हो गए है। इनके साथ पद्मश्री राधेश्याम बारले और पूर्व ह्रुस आरपीएस त्यागी ने भी भाजपा की सदस्यता ले ली है। इसके अलावा रायपुर के निर्दलीय पार्षद अमर बंसल भी भाजपा में शामिल हो गए। इन सभी के साथ इंजीनियर डॉक्टर वकील और अलग-अलग कॉलेजों में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्रों ने भी भाजपा जॉइन किया है। प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने इन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह भी मौजूद रहे।

महाअभियान.. 11 लोकसभा क्षेत्र में संपर्क से समर्थन अभियान

## चुनाव से पहले बीजेपी की खास प्लानिंग, 90 विधानसभा सीटों पर होगा महाअभियान

**रायपुर।** केंद्र में बीजेपी सरकार को 9 साल पूरे हो गए है. इसे बीजेपी खास तरह से मनाने की बड़ी तैयारी में है. एक महीने तक बीजेपी देशभर में महासंपर्क अभियान चलाने जा रही है।

बीजेपी शहीद परिवार, प्रमुख खिलाड़ी, कलाकार, उद्योगपति और समाज में प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क करेंगे. इस अभियान के लिए सौरभ सिंह, विधायक जगदीश रोहरा को प्रभारी बनाया गया है. सभी लोकसभा क्षेत्र में एक आमसभा आयोज्त की जाएगी. इसमें लोकसभा के पार्टी के प्रमुख नेता उपस्थित रहेंगे. इस कार्यक्रम





के प्रभारी प्रदेश स्तर पर पूर्व मंत्री राजेश मुणत को बनाया गया है. प्रत्येक लोकसभा में मीडिया संवाद और प्रेस वार्ता के प्रभारी अमित चिमनानी होंगे. प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में प्रबुद्ध सम्मेलन होगा. इसके प्रभारी संजय श्रीवास्तव और अमरजीत छाबड़ा को बनाया गया है। प्रत्येक लोकसभा में व्यापारी सम्मेलन होगा. इसके लिए श्रीचंद सुंदरानी और लाभचंद बाफना को प्रभारी बनाया गया है.सभी लोकसभा क्षेत्रों में विकास तीर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय नेताओं को भाजपा सरकार में हुए प्रमुख विकास कार्यों को दिखाने ले जाया जाएगा. इस कार्यक्रम के प्रभारी अनुराग सिंह देव और किशोर राय को बनाया गया है.प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सीनियर कार्यकर्ताओं के साथ भोजन व परिचर्चा होगी. इसके प्रभारी किरण देव और अंबिकेश केसरी को बनाया गया है।सभी 90 विधानसभा में सभी मोर्चों का संयुक्त सम्मेलन आयोजित होगा. इसका प्रभारी केदार कश्यप और लक्ष्मी वर्मा को बनाया गया है।

## उद्योग विभाग के एडिशनल डायरेक्टर पर छेड़खानी का केस दर्ज

### मातहत महिला अधिकारी ने लिखाई रिपोर्ट, दूसरी बार फंसे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में उद्योग विभाग के संचालनालय में पदस्थ एडिशनल डायरेक्टर के खिलाफ पुलिस ने छेड़खानी का जुर्म दर्ज किया है. एडिशनल डायरेक्टर संतोष भगत के खिलाफ डायरेक्ट्रेट में पदस्थ एक मातहत महिला अधिकारी ने ही छेड़खानी करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और रास्ता रोकने की रिपोर्ट लिखाई है, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है. फिलहाल अधिकारी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. जानकारी के मुताबिक महिला अधिकारी के साथ यह घटना हफ्तेभर पहले की है. इस मामले में महिला अधिकारी ने पहले विशाखा कमेटी में अपनी शिकायत दर्ज कराई. इसमें





अधिकारी ने समझौते की कोशिश की. हालांकि महिला अधिकारी समझौता करने के लिए तैयार नहीं थी और तेलीबांधा थाने में रिपोर्ट लिखाई के लिए पहुंची. जानकारी के मुताबिक हफ्तेभर पहले जब महिला अधिकारी कार्यालयीय अवधि खत्म होने के बाद घर जाने के लिए निकल रही थी, तब एडिशनल डायरेक्टर ने रास्ता रोका. अभद्र भाषा का प्रयोग किया. इसके आधार पर तेलीबांधा थाने की पुलिस ने 31 मई को धारा 341, 354 और 509 के तहत अपराध दर्ज किया है. बताया जा रहा है कि एडिशनल डायरेक्टर भगत पर छेड़खानी का यह दूसरा मामला है. पांच साल पहले एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता ने भी रिपोर्ट लिखाई थी. हालांकि उस मामले में समझौता हो गया था।

# महाकाल लोक निर्माण: हादसा या भ्रष्टाचार, 'देव प्रांगणे भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार न भवति..!

भारतेंदु हरिश्चन्द्र का एक व्यंग्य नाटक है 'वैदिकी हिंसा, हिंसा न भवति।' यानी वेदों में बताई गई हिंसा, हिंसा नहीं है। बदले संदर्भ में इसे यूं भी कहा जा सकता है 'देव प्रांगणे भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार न भवति। मध्यप्रदेश के उज्जैन में आठ माह पहले उद्घाटित महाकाल लोक परिसर में तेज आंधी में गिरी सप्तऋषियों की मूर्तियों के धराशायी होने और बाकी 11 मूर्तियों में पड़ी दरारों को लेकर जनता के बीच जो भी संदेश जा रहा हो, राज्य सरकार इसे 'प्राकृतिक आपदा' के रूप में ही ले रही है।

सरकार का कहना है कि मूर्तियां ध्वस्त हुई हैं तो फिर लगवा देंगे। जबकि विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के राज में भ्रष्टाचार ने भगवान के घर को भी नहीं छोड़ा। कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने तो यहां तक कहा कि यह तो भोले के प्रांगण में 'भ्रष्टाचार का तांडव' है। भगवान के भक्त और आम पब्लिक समझ नहीं पा रही है कि कथित भ्रष्टाचार के इस नए रूप को किस निगाह से देखें। उधर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने महाकाल लोक की तर्ज पर राज्य में दो और 'लोकों' के निर्माण का ऐलान कर दिया है।

दरअसल भगवान के घर में राजनीति और कदाचार का यह मामला अपने आप में अजब है। क्योंकि 'लोक निर्माण' और 'धर्मस्थल निर्माण' में जन अपेक्षाएं अलग-अलग होती हैं। बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक उज्जैन के महाकालेश्वर परिसर के सौंदर्यीकरण और विकास की योजना शिवराज सरकार के तीसरे कार्यकाल में पिछले सिंहस्थ के बाद बनी थी।

कुछ टेंडर भी जारी हुए। योजना पर आगे काम होता, इसके पूर्व पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा पर मतदाता की अवकृपा हुई। प्रदेश की कमान कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के हाथ आई। लेकिन कांग्रेस का दावा है कि कमलनाथ सरकार ने इस योजना को अपने ढंग से जारी रखा। पर वो सरकार भी सवा साल बाद ही गिर गई। शिवराज चौथी बार सीएम बने तो उन्होंने महाकाल लोक को अंजाम तक पहुंचाया और पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका शुभारंभ किया। सरकार के मुताबिक इस पर 351 करोड़ रु. खर्च हुए। यह तो पूरी योजना का प्रथम चरण है। पूरी परियोजना 856 करोड़ रु. की है। महाकाल



सरकार का कहना है कि मूर्तियां ध्वस्त हुई हैं तो फिर लगवा देंगे। जबकि विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के राज में भ्रष्टाचार ने भगवान के घर को भी नहीं छोड़ा। दिलचस्प बात यह है कि सरकार इस समूचे प्रकरण को महज 'हादसा' मान कर चल रही है। मूर्ति निर्माता कंपनी ने भरोसा दिया है कि टूटी मूर्तियां फिर बिठा दी जाएंगी।

लोक के निर्माण से उज्जैन में धार्मिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ा। महाकाल लोक में मूर्ति निर्माण का ठेका गुजरात की एमपी बावरिया कंपनी को दिया गया था।

### महाकाल लोक निर्माण और भ्रष्टाचार

लेकिन जब 'लोक' का निर्माण हो रहा था तभी 'गड़बड़ियों' की शिकायतें भी आने लगी थी। कांग्रेस विधायक महेश परमार की लिखित शिकायत पर तत्कालीन डीजी लोकायुक्त कैलाश मकवाना ने इसकी जांच भी शुरू कर दी थी। उन्होंने निर्माण से सम्बन्धित एजेंसियों को नोटिस थमा दिए थे। लेकिन इसे 'हरिइच्छा' ही मानें कि आगे जांच बढ़ने के बजाए डीजी लोकायुक्त की कुर्सी ही चली गई। ठीक भी था। भगवान के भक्त यह मानने को कतई तैयार नहीं थे कि भगवत कार्य में कोई भ्रष्टाचार हो सकता है। अब इसे नियति का चक्र कहें कि 28 फरवरी को आई तेज आंधी ने महाकाल लोक की सप्तऋषियों समेत कई मूर्तियों को ध्वस्त और खंडित कर दिया। आरंभिक जांच में सामने आया कि ये मूर्तियां प्लास्टिक फाइबर की बनी थीं और भीतर से खोखली थीं। उनमें टिकाऊ निर्माण का कोई आग्रह नहीं था। ये मूर्तियां रात में रंग बिरंगी रोशनी में जरूर मोहक लगती थीं, लेकिन दिन में उदास सी लगती थीं।

हमें यह भी बताया गया कि हर मूर्ति का खास संदेश है और वो जीने की राह दिखाती है। यह बात अलग है कि इनमें से ज्यादातर मूर्तियों का जीवन अल्पकालिक ही था, यह 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी से ही साबित हो गया।

### भ्रष्टाचार में सबके हाथ काले?

यह तो हुई निर्माण में 'स्तरहीनता' की बात। महाकाल लोक पर जो राजनीति हुई वह भी देव दुर्लभ है। पहले तो इसके निर्माण का श्रेय खुद लेने में भाजपा और कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी और इस हादसे के बाद वो एक दूसरे पर भ्रष्टाचार पर आरोप लगा रहे हैं।

मसलन जब अक्टूबर में महाकाल लोक का शुभारंभ हुआ तो कांग्रेस ने इसका श्रेय लेने का दावा यह कहकर किया कि उसके कार्यकाल में ही 300 करोड़ रु. के टेंडर जारी हुए थे। तब गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने तो महाकाल लोक परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हमने सत्ता में लौटकर इसे पूरा किया है।

लेकिन मूर्ति हादसे के बाद नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्रसिंह ने आंकड़ों के हवाले से खुलासा किया कि महाकाल लोक का वर्क ऑर्डर तो कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में जारी हुआ। फिर उन्होंने कहा कि महाकाल लोक निर्माण के 60 फीसदी ठेके कांग्रेस के और बाकी 40 फीसदी ठेके भाजपा के शासन काल में जारी हुए। यानी एक तो कांग्रेस कार्यकाल में यह परियोजना ठंडे बस्ते में नहीं डाली गई थी। दूसरा, यह कि अगर इसमें भ्रष्टाचार हुआ है तो दोनों के कार्यकाल में हुआ है। विवाद उसके अनुपात को लेकर है। लड़ाई अब निर्माण का श्रेय लेने के बजाय यह साबित करने की है कि किसके कार्यकाल में महाकाल लोक में ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ।

अजय बोकिल

## संपादकीय

### कब शांत होगा मणिपुर?

बेशक कहा सकता है कि आरंभ में केंद्र सरकार मणिपुर में विस्फोटक हो चुकी हालत का सटीक जायजा लेने में नाकाम रही। वरना, अब जो कोशिशें शुरू हुई हैं, उन्हें इस महीने के आरंभ में तभी किया जाता, जब अचानक मणिपुर सुलग उठा था।

मणिपुर में महीने भर से जारी हिंसा और आगजनी के बीच आखिरकार गृह मंत्री अमित शाह ने चार दिन का राज्य का दौरा शुरू किया है। इसके पहले सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे राज्य में सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा के लिए वहां गए थे। यह तो बेशक कहा सकता है कि आरंभ में केंद्र सरकार मणिपुर में विस्फोटक हो चुकी हालत का सटीक जायजा लेने में नाकाम रही। वरना, अब जो कोशिशें शुरू हुई हैं, उन्हें इस महीने के आरंभ में तभी किया जाता, जब अचानक मणिपुर सुलग उठा था। जारी हिंसा के बीच राज्य में मैतेयी और कुकी समुदायों के बीच खाई बेहद चौड़ी हो चुकी है। इस बीच राज्य सरकार 40 कुकी आतंकवादियों को मार गिराने का दावा कर पूरे घटनाक्रम में एक नया पहलू जोड़ चुकी है। सवाल यह उठा है कि क्या मणिपुर अब आतंकवाद ग्रस्त हो गया है? राज्य में भाजपा नेताओं पर हमलों की घटनाएं भी हुई हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. आरके रंजन, राज्य में मंत्री गोविंद दास, विश्वजीत और खेमचंद के घरों पर हमले हो चुके हैं। संभवत: सबसे बड़ा सवाल यह उठा है कि मौजूदा हिंसा ने पर्वतीय और मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच नफरत और अविश्वास की जो गहरी खाई पैदा की है, क्या उसे निकट भविष्य में पाटा जा सकेगा?

# अर्थव्यवस्था: बेरोजगारी भत्ता नहीं रोजगार दीजिए, वरना बिगड़ जाएगा आर्थिक संतुलन

*कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की किताब के कुछ पन्ने इस्तेमाल किए, मसलन मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त ट्रांसपोर्ट वगैरह। कांग्रेस उससे आगे बढ़कर बेरोजगारी भत्ता भी लेकर आई। अब तक आर्थिक विशेषज्ञ मुफ्त की बिजली और पानी पर सवाल उठा ही रहे थे कि कांग्रेस ने अपने तरकश से बेरोजगारी भत्ता का नया दांव खेल दिया।*

पाठकों को याद होगा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था और उसकी आलोचना भी हुई थी।

दरअसल नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने यह सुझाव दिया था कि हर बेरोजगार को कम से कम 2,500 रुपये भत्ता मिलना चाहिए। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने यह फॉर्मूला विधानसभा चुनाव में चलाया और यह लोकप्रिय हो गया। पर कांग्रेस ने अभिजीत बनर्जी के सुझाव का वह हिस्सा गायब कर दिया, जिसमें उन्होंने राजस्व अनुशासन की बात कही। उन्होंने नए टैक्स लगाने की भी बात कही और कुछ टैक्स बढ़ाने की भी बात की थी। लेकिन कांग्रेस ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। मुफ्त की बिजली-भत्ता वगैरह को मिलाकर राज्य के कोष पर लगभग 54,000 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा। 5.4 लाख करोड़



कर्नाटक में कांग्रेस ने बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया है, लेकिन ऐसे वादों को पूरा करने में राज्य का आर्थिक संतुलन बिगड़ जाएगा।

रुपये के कर्ज से दबे कर्नाटक को अब यह भार भी सहना पड़ेगा। इस कर्ज के ब्याज को चुकाने पर इस साल राज्य को लगभग 35,000 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। यह सारा पैसा कहां से आएगा, इस बारे में सरकार खामोश है।

कर्नाटक में अन्य राज्यों की तुलना में बेरोजगारी कम है। फिक्की की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वहां मार्च, 2023 में बेरोजगारी दर 2.7 फीसदी थी, जो देश के औसत 4.2 फीसदी से कम है। फिर भी यह संख्या बहुत है।

इससे अच्छा है कि रोजगार बढ़ाने के कार्यक्रमों पर जोर दिया जाए। समस्या यह है कि सातवें वेतन आयोग ने देश में सरकारी नौकरियां सृजित करने पर कुठाराघात किया है। सरकारी कर्मचारियों तथा अन्य के वेतन इतने ज्यादा हो गए हैं कि उन सरकारों के बजट पर भारी बोझ आ गया है, जिन्होंने इसे मंजूर कर लिया है। कर्नाटक में इस साल के अंत तक सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू हो जाएगी, क्योंकि कर्नाटक सरकार ने इसे राज्य में लागू करने के लिए आयोग की समिति को 16 नवंबर तक की अवधि दी है। कर्नाटक में इसे लागू करने के बाद सरकार के खर्च में 12 से 18,000 करोड़ रुपये का इजाफा हो जाएगा। वहां के ढाई लाख से भी ज्यादा सरकारी कर्मचारियों के लिए यह शानदार तोहफा होगा, पर वे इससे ही खुश नहीं हैं, पुरानी पेंशन की भी मांग कर रहे हैं। यह पेंशन व्यवस्था अवकाश प्राप्त लाखों सरकारी कर्मचारियों को मलाई खिलाने जैसी है, जिसमें बड़े अफसरों को प्रति व्यक्ति लाखों रुपये महीना तक मिल सकता है। जाहिर है, ऐसी बढ़िया स्थिति हर कोई चाहेगा। कांग्रेस ने सरकारी कर्मचारियों के इस लालच का फायदा हिमाचल प्रदेश में भी खूब उठाया है। कर्नाटक में सरकारी खर्च में भारी बढ़ोतरी हो जाने के बाद जाहिर है कि सरकारी पदों पर नियुक्तियां प्रभावित हो जाएंगी। वहां के कर्मचारी यूनियन का कहना है कि राज्य में 39 फीसदी पद यानी लगभग दो लाख से भी ज्यादा पद रिक्त हैं, जिस कारण अन्य कर्मचारियों पर दबाव पड़ रहा है। अभी वहां पांच लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। अब राज्य के सामने समस्या होगी कि वह वेतन आयोग की सिफारिशें माने या फिर नए कर्मचारियों की नियुक्ति करे। जाहिर है कि वह ऐसे में बड़े पैमाने पर बहाली नहीं करना चाहेगी, बल्कि राज्य में बेरोजगारी भत्ता देते रहना चाहेगी।

ऐसा नहीं है कि यह हालत सिर्फ कर्नाटक की है। दिल्ली में सरकार मुफ्त बिजली-पानी दे रही है, लेकिन रोजगार नहीं।

मधुरेंद्र सिन्हा

## मिला जुला

### जून में भी मौसम मेहरबान! दिल्ली-एनसीआर में आज भी तेज हवाओं के साथ होगी बारिश



**नई दिल्ली.** देश की राजधानी नई दिल्ली में इन दिनों बारिश के चलते मौसम सुहावना बना हुआ है. दिल्ली और आस-पास के इलाकों में दो दिन पहले बारिश हुई तो बीते दिन तेज हवाओं से मौसम सुहावना रहा है. IMD के मुताबिक, देश की राजधानी में आज (गुरुवार), 1 जून को भी बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने की संभावना है. वहीं, पूरे हफ्ते गर्मी एवं हीटवेव से राहत रहेगी.

मौसम विभाग की मानें तो देश की राजधानी नई दिल्ली में आज यानी 01 जून को भी गरज के साथ बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी. वहीं, अगर तापमान की बात करें तो न्यूनतम तापमान 20 डिग्री और अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. मौसम विभाग की मानें तो 02 जून को भी नई दिल्ली में बारिश होगी. ढ्ढरूष्ठ की मानें तो नई दिल्ली में 06 जून तक तापमान 40 डिग्री से नीचे ही दर्ज किया जाएगा.

मौसम विभाग की मानें तो गुरुवार को नोएडा में न्यूनतम तापमान 24 डिग्री और अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया जाएगा. वहीं, नोएडा में बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी. इसी के साथ तेज हवाएं भी चल सकती हैं. मौसम विभाग की मानें तो 02 जून को नोएडा में बारिश का पूर्वानुमान तो नहीं है, लेकिन आंशिक तौर पर बादल छाए रहने की उम्मीद है. नोएडा में 03 जून तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम दर्ज किया जाएगा.

**गाजियाबाद-** मौसम विभाग की मानें तो गाजियाबाद में भी बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी. वहीं, न्यूनतम तापमान 24 और अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया जाएगा. गाजियाबाद में भी 03 जून तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे दर्ज किया जाएगा. इसके बाद तापमान में बढ़त दर्ज की जा सकती है.

### अमित शाह के रहते मणिपुर में हिंसा

# राहत शिविरों में पीड़ितों से मिलने पहुंचे गृह मंत्री

**इंफाल.** गृह मंत्री अमित शाह के मणिपुर दौरे का आज तीसरा दिन है। उन्होंने बुधवार को कुकी और मैतेई दोनों ही समुदायों को राहत शिविरों में पीड़ितों से मुलाकात की और उनसे वादा किया कि जल्द ही उन्हें वापस अपने घर लौट पाएंगे। कांगपोकपी और मोरेह में उन्होंने कुकी समुदाय के लोगों से मुलाकात की और उन्हें जरूरी सामान उपलब्ध करवाने की बात कही। इसके अलावा इमरजेंसी के लिए हेलिकॉप्टर की सेवा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। हालांकि अमित शाह के राज्य में रहत हुए भी कई पहाड़ी इलाकों में हिंसा की घटनाएं सामने आईं। बिश्नुपुर और चुरचांदपुर में गोलीबारी की भी घटनाएं हुईं।

सुरक्षाबलों नें संदिग्ध लोगों की धरपकड़ की कोशिश की तो गोलियां चल गईं। क्रॉसफायरिंग में दो लोग घायल हो गए। अमित शाह ने बुधवार को सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। इसके अलावा वे जो हथियार छीन ले गए हैं, उन्हें जल्दी रिकवर किया जाए। मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने भी लोगों से अपील की है कि असम राइफल्स और अन्य सुरक्षाबलों से छीने हुए हथियार वे वापस कर दें।




शाह ने मोरेह और भारत-म्यांमार सीमा से जुड़े कांगपोकपी का दौरा किया और कहा कि केंद्र सरकार मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए हर प्रयास करेगी। उनके पहुंचने को दौरान कुकी और मैतेई दोनों ही समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। गृह मंत्री सोमवार को चार दिन के दौरे पर मणिपुर पहुंचे थे। उन्होंने सबसे पहले मैतेई और कुकी समुदाय की महिलाओं के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की थी। इसके अलावा ट्राइबल काउंसिल, कुकी चीफ असोसिएशन, तमिल संगम, गोरखा समाज और मणिपुर मुस्लिम काउंसिल के लोगों से उन्होंने मुलाकात की। हिंसा प्रभावित कांगपोकपी में सैकड़ों की संख्या में कुकी आदिवासियों ने तिरंगा हाथ में लेकर उनका स्वागत किया। हालांकि उनके इस दौरे में सीएम बिरेन सिंह शामिल नहीं थे जो कि खुद मैतेई समुदाय से आते हैं। सीआरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव सिंह और एक आईपीएस अधिकारी को मणिपुर पहुंचने को कहा गया है।

#### सीबीआई करेगी मणिपुर हिंसा की जांच, अमित शाह बोले- हाईकोर्ट के जल्दबाजी भरे फैसले से माहौल बिगड़ा

मणिपुर में हिंसा पर समीक्षा बैठक करने के बाद आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। शाह ने कहा कि 29 अप्रैल को मणिपुर हाईकोर्ट के एक जल्दबाजी भरे फैसले के कारण यहां पर जातीय हिंसा और दो समुदायों के बीच में हिंसा की शुरुआत हुई। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया है। मणिपुर के राज्यपाल नागरिक समाज के सदस्यों के साथ एक शांति समिति का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी के साथ सीबीआई भी कुछ मामलों की जांच करेगी। शाह ने कहा, पिछले 1 महीने में मणिपुर में कुछ हिंसक घटनाएं सामने आई हैं, मैं उन सभी परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने हिंसा में अपने प्रियजनों को खोया है।

### एक नजर

#### 'मैं पहला ऐसा व्यक्ति, जिसे मानहानि मामले में इतनी बड़ी सजा मिली', संसद सदस्यता जाने पर यूएस में बोले राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने को लेकर पहली बार विदेश में बयान दिया है. अमेरिका दौरे पर गए राहुल गांधी ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में कहा कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं पहला व्यक्ति बनूंगा जिसे मानहानि के मामले में सबसे बड़ी सजा मिलेगी और लोकसभा की सदस्यता गंवानी पड़ेगी. राहुल ने आगे कहा कि लेकिन राजनीतिक तौर पर इससे मुझे ज्यादा बड़ा मौका मिला है. भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत में समूचा विपक्ष संघर्ष कर रहा है. संस्थाओं पर कब्जा है. लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ने के लिए हम संघर्ष कर रहे हैं. इसीलिए कुछ महीनों पहले हमने पूरे भारत में यात्रा करने की सोची. राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं. यहां तीन शहरों में उनका कार्यक्रम है. इसी क्रम में वे बुधवार (31 मई) को कैलिफोर्निया की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी पहुंचे, जहां उन्होंने भारतीय समुदाय के छात्रों से बात की और उनके सवालों के जवाब भी दिए.

### आज से देश में ये 5 बड़े बदलाव,

## एलपीजी सिलेंडर सस्ता... इलेक्ट्रिक बाइक खरीदना महंगा

**नई दिल्ली.** आज से जून महीने की शुरुआत हो चुकी है और हर महीने की तरह ये महीना भी कई बड़े बदलाव लेकर सामने आया है. 1 जून 2023 से लागू होने वाले इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी पर होने वाला है. जहां एक ओर गैस वितरण कंपनियों ने बड़ी राहत देते हुए 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर कटौती की है. तो वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर महंगे हो गए हैं. ऐसे ही पांच बड़े चेंजेस पर नजर डालते हैं.

#### एलपीजी सिलेंडर हो गया सस्ता


सरकारी तेल-गैस कंपनियां हर महीने पहली तारीख को रसोई गैस की कीमतों में बदलाव करती हैं. हर महीने की तरह इस महीने के पहले दिन भी एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को संशोधित किया गया है.

## बाइडन ने ली राहत की सांस, डिफॉल्टर होने का खतरा टला

**अमेरिकी** संसद की प्रतिनिधि सभा यानी हाउस ऑफ़ रिप्रेज़ेंटेटिव ने सरकार की क़र्ज़ सीमा को बढ़ाने का विधेयक स्पष्ट बहुमत से पारित कर दिया है. विधेयक के समर्थन में 314 और विरोध में 117 मत पड़े. दोनों ही पक्षों की तरफ़ से विरोध में मतदान हुआ है. विधेयक के समर्थन में 165 डेमोक्रेट (राष्ट्रपति जो बाइडेन की पार्टी) और 149 रिपब्लिकन सदस्यों ने मतदान किया है. इससे अमेरिकी सरकार के क़र्ज़ संकट का समाधान हो सकता है और सरकार के डिफॉल्टर होने का ख़तरा टल सकता है. बता दें कि अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है.

## एलन मस्क के स्वागत में चीन ने बिछाए पलक पांवड़े, 16 तरह के व्यंजनों से स्वागत

**नई दिल्ली.** दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला और सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के मालिक एलन मस्क इन दिनों चीन के दौरे पर हैं। पिछले 3 सालों में मस्क की ये पहली चीन यात्रा है। चीन पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया है। उनके स्वागत की खबरों से वहां का सोशल मीडिया अटा पड़ा है।



रॉयटर्स के मुताबिक, मंगलवार को बीजिंग पहुंचने के बाद से एलन मस्क ने चीन के विदेश, वाणिज्य और उद्योग मंत्रियों के साथ मुलाकात की है और शीर्ष बैटरी आपूर्तिकर्ता CATL के अध्यक्ष ज़ेंग युकुन के साथ रात का खाना भी खाया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों से पता चलता है कि मंगलवार शाम को ष्टञ्जरु के ज़ेंग युकुन के साथ अपमार्केट मैन फू यान रेस्तरां में एलन मस्क के डिनर के मेनू में 16 तरह के व्यंजन शामिल थे। चीन-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद एलन मस्क की लोकप्रियता चीन में लोगों के सिर चढ़कर बोल रही है। लोग मस्क को एक लीडर और भाई तक कहकर संबोधित कर रहे हैं। कई लोग तो उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति बनते देखना चाहते हैं। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, 'वह (एलन मस्क) एक ग्लोबन आइडल हैं। एलन मस्क महान हैं।'

# अन्धे कत्ल की गुत्थी सुल्झाने में बिलासपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### मृतक अपनी पत्नि को प्रताड़ित कर अपने पिता के साथ मिलकर कराई हत्या

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।





अन्धे कत्ल की गुत्थी सुल्झाने में बिलासपुर पुलिस को मिली बडी सफलता। 27 मई 23 को रेल्वे स्टेशन कलमीटार के कर्मचारियों द्वारा सूचना दिया गया कि कमलीटार स्टेशन के पास रेल्वे ट्रेक में किसी अज्ञात 30 वर्षीय पुरूष का शव पडा हुआ है। उक्त सूचना पर थाना कोटा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा किया गया अज्ञात शव के सिर के पीछे हिस्से में गंभीर चोंट के निशान थे शव का आस–पास के ग्रामीणों से पहचान कराने का प्रयास किया गया किन्तु पहचान नहीं हो पाया अज्ञात पुरूष की हत्या कर दुर्घटना का रूप देने रेलवे ट्रेक पर फेंका गया था। घटना के संबंध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह भापुसे द्वारा त्वरित कार्यवाही करने एवं अज्ञात शव की शिनाखतगी करने तथा अज्ञात आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोटा निरीक्षक उत्तम साहू एवं एसीसीयु प्रभारी निरीक्षक धमेन्द्र वैषणव द्वारा टीम गठित कर अज्ञात शव की शिनाखतगी तथा अज्ञात आरोपीयों की पतासाजी हेतु अलग–अलग क्षेत्र में टीम रवाना किया गया। साथ ही अज्ञात शव की शिनाखतगी हेतु सभी थाना प्रभारी एवं सरहदी जिले के थानो में रेडियों मैसेज कराकर शव की शिनाखतगी का प्रयास किया गया था। मृतक के सर्ट के जेब में मंगला चैक स्थित रेस्टोरट के मालिक का मोबाईल नम्बर लिखा हुआ पाया गया। जिसे आधार पर मृतक को अंतिम बार बिलासपुर क्षेत्र में देखे जाने की संभावना पर रेस्टोरेट के मालिक से संपर्क किया गया जिस पर उसके द्वारा रेस्टोरट में शेफ का काम मांगने आने बताया गया तथा उक्त मृतक को रेस्टोरेट मे लगे सीसीटीवी कैमरे में भी देखा गया उसके बाद मृतक कहॉ गया इसका पता नही चल पा रहा था। पुलिस टीम द्वारा मंगला चैंक उसलापुर, नेहरू चैंक, महाराणा प्रताप चैंक, मंगला बस्ती एवं आसपास के चैंक चैराहो में लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगाला गया काफ ी मेहनत के बाद 31 मई 23 को मंगला चैंक वंदना हास्पिटल के पास स्थित होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे को बारिकी से देखने पर उक्त मृतक वहां दिखाई दिया तथा लगातार कैमरे का अवलोकन करने पर लगभग 02 घण्टे तक मृतक होटल के आस–पास बार–बार आते जाते हुये देखा गया। जिस पर उक्त मृतक के फोटो को होटल के कर्मचारी को दिखाकर पुछा गया जो कर्मचारी द्वारा उक्त मृतक को होटल की महिला कर्मचारी दुर्गा सिगरौल से कई बार मिलने आना जाना बताने पर दुर्गा सिंगरौल से मृतक का फ ोटो दिखाकर पुछताछ करने पर मृतक का पहचान अपने पति योगेशवर सिंगरौल के रूप में किया गया मृतक की शिनाखतगी होने के बाद उसकी पत्नि दुर्गा सिंगरौल से बारिकी एवं कडाई से पुछताछ करने पर आरोपीया दुर्गा सिगरौल द्वारा बताया गया कि करीब 03 वर्ष से दोनो पति–पत्नि अलग रहना तथा मृतक योगेशवर सिगरौल द्वारा इसके चरित्र में शंका कर इसे बार–बार होटल आकर मारपीट एवं प्रताड़ित करने से तंग आकर अपने पिता रामावतार सिंगरौल को फ ोन करके महावीर होटल के पास बुलाना और हमेशा के लिये योगेशवर सिगरौल को अपने रास्ते से हटाने के लिये अपने पिता को बोलने पर आरोपी रामावतार सिगरौल द्वारा अपने अन्य साथीयों विनोद सिंगरौल एवं लखन साहू द्वारा मृतक योगेशवर सिंगरौल को मौके पर मारपीट कर हाथ बांधकर मोटर सायकल से ग्राम मोछ ले जाना एवं वहॉ भी बेरहमी से मारपीट करना तथा आरोपी रामाअवतार द्वारा अन्य साथी तिफरा निवासी लााल उर्फ विशम्भर लोनिया को बुलाकर दो मोटर सायकल में चारो आरोपीयों द्वारा योगेशवर सिगरौल को मोटर सायकल में बैठाकर कलमीटार रेल्वे स्टेशन के पास ले जाकर हत्या करने की नियत से चारो लोग मिलकर मारपीट किये तथा उसी दौरान रामअवतार द्वारा रेल्वे ट्रेक के पास पडे पत्थर से मृतक के सिर के पीछे तरफ मारा गया। जिससे मृतक योगेशवर सिंगरौल वहीं गिर गया तथा मौके पर मृत्यु हो गयी तब मृत्यु को दुर्घटना का रूप देने के लिये चारो आरोपियों द्वारा शव को घसीटकर रेलवे ट्रेक पर रख दिया गया एवं मौके से सभी लोग भाग गये जब ट्रेन उस ट्रेक से गुजर रही थी तभी ट्रेन के ड्राईवर द्वारा शव को देखकर पहले ही ट्रेन रोक दिया गया और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक योगेशवर सिंगरौल अपनी पत्नि के चरित्र में शंका करे इसे आयदिन मारपीट एवं प्रताड़ित करता था। जिससे तंग आकर मृतक की पत्नि दुर्गा सिंगरौल द्वारा अपने पति को हमेशा के लिये रास्ते से हटाने के लिये अपने पिता व अन्य साथीयों के साथ मिलकर हत्या की घटना कारित करना पाया गया सभी पांचों आरोपीयों को अलग–अलग जगह से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया सभी आरोपीयों को हत्या करने के जुर्म में विधिवत गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाता है। विशेष योगदान एसीसीयु प्रभारी धर्मेद्र वैष्णव, थाना प्रभारी कोटा निरीक्षक उत्तम साहू, उप निरी अजय वारे,हेतराम सिदार, सउनि चंदन सिहं कोर्राम, प्र.आर.बलवीर सिंह आरक्षक तरूण केशरवानी, निखील रॉव, प्रशांत सिंह, बोधुराम कुम्हार, महिला आरक्षक शकुन्तला साहु, आरक्षक चंदन मानिकपुरी, संजय कश्यप, असिम भारद्वाज, रवि राजपूत, भोप सिंह का सराहनीय योगदान रहा।नाम गिरफ्तार आरोपी, रामअवतार सिंगरौल पिता मैकु राम सिंगरौल उम्र 55 साल निवासी ग्राम मोछ थाना तखतपुर, विनोद सिंगरौल पिता छेदी लाल सिंगरौल उम्र 47 साल निवासी ग्राम खैरी थाना तखतपुर जिला बिलासपुर,लखन लाल साहू पिता लोमस राम साहु उम्र 48 साल निवासी ग्राम मोछ थाना तखतपुर ़ राम विशवम्भर लोनिया उर्फ लाला पिता कुज राम लोनिया उम्र 40 साल निवासी ग्राम तिफरा यदुनंनदन नगर थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर छ.ग.दुर्गा सिंगरौल पति योगेशवर सिंगरौल उम्र 25 साल साकिन ग्राम मोछ थाना तखतपुर जिला बिलासपुर छग हाल मुकाम महावीर पैराडाईस होटल मंगला चैंक बिलासपुर।

## समाचार सार

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव

### 2 जून को अंतराज्यीय रामायण मंडलियों के मध्य होगा अरण्यकाण्ड पर आधारित रामायण प्रतियोगिता

* राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाबा हंसराज रघुवंशी एवं लखबीर सिंह लक्खा देंगे भजन संध्या की प्रस्तुति

जोहर छत्तीसगढ़–रायगढ़।

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन 1 से 3 जून तक रायगढ़ के रामलीला मैदान में किया जा रहा है। जहां अंतराज्यीय रामायण मंडलियों द्वारा अरण्यकाण्ड पर आधारित रामायण प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान देर शाम राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार भजन संध्या की प्रस्तुति दे रहे है। इसी कड़ी में 2 जून को दोपहर 2.15 बजे से दीप प्रज्जवलन एवं राजगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। साथ ही दोपहर 2.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक 8 अंतराज्यीय रामायण मंडलियों के मध्य अरण्यकाण्ड पर आधारित रामायण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। रात्रि 8.30 से 9.30 बजे तक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बाबा हंसराज रघुवंशी एवं रात्रि 9.30 से 10.30 बजे तक लखबीर सिंह लक्खा भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे।

### खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 कस्टम मिलिंग `चावल जमा की समीक्षा बैठक सम्पन्न


जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।



कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2022.23 कस्टम मिलिंग एवं चावल जमा की स्थिति की समीक्षा बैठक विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गयी। जिले में चावल जमा का औसतए राज्य के औसत से कम है। जिले में 117080 मिट्रिक टन चावल जमा किया गया है। नागरिक आपूर्ति निगम में जमा हेतु चावल 23919 मिट्रिक टन तथा एफ सीआई गोदाम में 30286 मिट्रिक टन शेष है। जिसे बढ़ाने के निर्देश दिऐ। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम, एफसीआई गोदाम को मिलकर प्रतिदिन 30 लॉट के औसत से चावल जमा कराने के निर्देश दिए। जिले में उपलब्ध गोदाम में खाली जगह की जानकारी नागरिक आपूर्ति निगम एवं वेयरहाउसिंग द्वारा दी गयी। उनके अनुसार नागरिक आपूर्ति निगम के चावल जमा करने हेतु 16000 मिट्रिक टन जगह उपलब्ध है। मिलर्स से चावल जमा करने में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें तत्काल जगह उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शासन द्वारा दिये गये समय सीमा में शेष सीएमआर जमा कराने के सक्त निर्देश दिए गए हैं। बैठक में लीना कोसम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, विजय किरण खाद्य अधिकारी,प्रिती भरद्वाज जिला विपणन अधिकारी, दिनेश ओझा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, संदीप भगत सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक सर्व जिला उपस्थित रहे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने इंडियन रेडक्रास सोसायटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण की

**जांजगीर–चांपा** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत द्वारा 31 मई बुधवार को अपने जांजगीर–चांपा प्रवास के दौरान विश्व की मानवीय संवेदनाओं के प्रति समर्पित संस्थान इंडियन रेडक्रास सोसायटी जांजगीर–चांपा के अंतर्गत आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर पर उन्होंने जिला रेडक्रॉस जांजगीर–चांपा की सदस्यता बुक पर स्वयं अपने हाथों से सदस्यता से फार्म भरकर आजीवन सदस्यता ग्रहण करते हुए इस महाभियान में अधिक से अधिक आमजनों को भाग लेने प्रोत्साहित किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में जिस तरह से सोसायटी के सदस्यों सेवा कार्य किया जाता है वह अनुकरणीय हैं, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर श्री देवेश सिंह, स्वास्थ्य विभाग एवं रेडक्रॉस सोसाईटी के सदस्य उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्य एजेंसी सीजीएमएससी के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न निर्माणकार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने नवीन जिला सक्ती में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न निर्माण कार्य के एजेंसी सीजीएमएससी के अधिकारियों और प्रगतिरत कार्यों में कार्य कर रहे ठेकेदारों के कार्यों की समीक्षा की।

स्थानीय है कि नवीन जिला सक्ती में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं। नवीन जिले में हमर लैब, नया एमआरसी, बीपीएचयू तथा 10 बेड, 20 बेड और 6 बेड वार्ड के स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी कलेक्टर द्वारा सतत समीक्षा की जा रही हैं। इसी तारतम्य में निर्माण एजेंसी और कार्यरत ठेकेदारों के कार्यों की कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई। सीजीएमएससी द्वारा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में रिनोवेशन के लिए वर्ष 2022 में 3.5 लाख का कार्यादेश समंधित ठेकेदार को किया गया था। जिसके उपरांत ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य में अधूरा और गुणवत्ताहीन कार्य पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। साथ ही ठेकेदार द्वारा 6 बेड वार्ड चिसदा, करही, छपोरा, मोंहन्दी कला, 20 बेड वार्ड मालखरौदा में निर्माणकार्य किया जा रहा है। जिस पर कलेक्टर ने ठेकेदारो द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने तथा गुणवत्ताहीन कार्य पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु सीजीएमएससी के ईई को निर्देशित किए है। बैठक में सीजीएमएससी के अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज सिंह राठौर, डीपीएम अर्चना तिवारी, समस्त बीएमओ आदि उपस्थित थे।

# ओपी चौधरी ने बताई मोदी सरकार के नौ सालों की उपलब्धियां

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।




भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर प्रदेश वासियों को सरकार की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए कहा मोदी सरकार की तुलना आजादी के बाद कांग्रेस सरकार से की जाए तो आम जनता इस दोनो सरकारों के मध्य कार्य के अंतर को आसानी से समझ सकती है। बहुत से कार्य ऐसे है जिसके बारे में कांग्रेस सरकार केवल सोचती रह गई लेकिन पूर्ण बहुमत की मोदी सरकार ने उन कार्यों को पूरा कर दिखाया। कांग्रेस द्वारा असंभव कार्यों को भी मोदी सरकार ने पूरा कर दिखाया यही वजह है कि आजादी के बाद मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल की वजह से भारत के लिए विश्व गुरु बनने की राह प्रशस्त हो पाई। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार आम जनता के भरोसे को जीत पाई । देश की जनता का विश्वास पूर्ण बहुमत के रूप में सबके सामने नजर आया जनता के वोटो को शक्ति से बड़े निर्णय लिए जा सके। जी एस टी लागू होना धारा 370 का हटना,देश वासियों के आस्था के केंद्र राम मंदिर निर्माण की राह आसान होना मोदी सरकार की गौरवपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। इसके अलावा मोदी सरकार के वैश्विक महामारी कोविड पर न केवल विजय पाई बल्कि पूरे विश्व को भारत में बनी कोरोना वैक्सीन भी मुहैया कराई। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम मोदी सरकार ने किया है करीब तीन लाख लोगों को पक्का मकान देकर उन्हें मकान मालिक बनाने का अवसर मोदी सरकार ने दिया। 11.72 करोड़ शौचालय का निर्माण मोदी सरकार की देन है। 12 करोड़ घरों में नल से स्वच्छ जल पहुंचा। 2.86 करोड़ घर बिजली से रोशन हुए। 50 करोड़ लोगों को सालाना पांच लाख रुपए का मुफ्त इलाज देने का काम मोदी सरकार ने किया।जन औषधि केंद्र के जरिए 50: से 90: तक सस्ती कीमत पर दवाइयां उपलब्ध कराई गई। 46.25 करोड़ जन धन बैंक खाते खोले गए ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे खाते में हस्तांतरित किया जा सके और बिचौलियों की भूमिका खत्म की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। किसानों के खाते में हर 4 महीने के अंतराल पर 3 किस्तों में 2–2 हजार रुपये की राशि। उनके खाते में सीधे ट्रांसफर की जाती है। ओपी ने भूपेश बघेल को चुनौती देते हुए कहा आजादी के बाद कांग्रेस द्वारा किए गए विकास कार्यों पर कही भी सार्वजनिक बहस करे वे इसके लिए तैयार है। ओपी चौधरी ने कहा कार्य पहले भी हुए है लेकिन मोदी सरकार ने जिस शिद्दत से कार्य किया उससे तुलना अवश्य की जानी चाहिए।

# वार्ड 9 प्रधान मोहल्ला की महिलाओं ने शराब बेचने वाले को किया पुलिस के हवाले

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।



रतनपुर के कई वार्डों में शराब कोचियों के द्वारा अवैध शराब का धंधा फल फूल रहा है। जिससे मोहल्ले वासियों का रास्ते पर चलना दूभर हो गया है। आए दिन शराबियों का जमावड़ा चौक चौराहे पर लगा रहता है और इन शराबियों के द्वारा महिलाओं को छेड़छाड़ करना आम बात हो गई है। इतना ही नहीं मोहल्ले के छोटे–छोटे बच्चे इनके संपर्क में आकर शराब पीने लगे हैं। लेकिन मोहल्ले के इन शराब बेचने वालो के ऊपर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है निजात के नाम पर महज दिखावा है और जगह–जगह दिवार पर निजात का विज्ञापन देखने को तो मिलता है लेकिन निजात पर कार्यवाही महज एक लीपापोती कर छोड़ देते हैं इन्हीं सब समस्यायों को लेकर आज वार्ड नंबर 9 की महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ अपना मोर्चा खोल दिया और सभी महिलाओं ने शराब बेचने वाले कोचिये को 15 लीटर शराब के साथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया अब देखने वाली बात यह है कि निजात के नाम पर अपनी पीठ थप थपाने वाली पुलिस इस पर क्या कार्रवाई करती है इन महिलाओं का कहना है कि अगर पुलिस हमारे मोहल्ले में शराब कोचियों पर कार्यवाही नहीं करेंगे तो हम सभी महिलाएं वाले दिनों में उग्र आंदोलन भी करेंगे।

# मुख्यमंत्री बघेल ने किया रीपा उत्पादों के आर्डर हेतु चैट बोट का शुभारंभ

जोहर छत्तीसगढ़–रायगढ़।



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना (रीपा)महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क के तहत 14 रीपा ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार के उत्पादों का निर्माण हो रहा है। इन उत्पादों की ऑनलाईन बिक्री हेतु रायगढ़ में आज चैट बोट का अनावरण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किया गया। इस दौरान रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

रीपा ग्राम पंचायतों में जिन उत्पादों का निर्माण हो रहा है। इनमें जूट के बैग, कोसा के कपड़े, टेराकोटा, जवाफूल चावल, रागी के उत्पाद, बांस शिल्प, मसाले, रेडी टू ईट, गोबर पेंट, संबलपुरी साड़ी व कपड़े, ढोकरा आर्ट, आचार, बड़ी, पापड़, आर्टिफिशियल ज्वेलरी इत्यादि शामिल है। चैट बोट के माध्यम से ग्रामीण औद्योगिक पार्क के उद्यमी अपने उत्पाद को व्हाट्सअप के माध्यम से सीधे ग्राहकों को बेच सकते है, यह बोट उपयोग करने में नार्मल व्यू बहुत आसान है। व्हाट्सअप की भांति ही काम करता है। इस बोट की मदद से ऑडर को पैलेस किया जाता है और पेमेन्ट भी की जा सकती है व साथ ही साथ आर्डर की संपूर्ण जानकारियां भी आपको मिलती रहेगी। यह ग्रामीण उद्यमी के लिए उत्पाद को बेचने में बहुत ही ज्यादा लाभकारी व आसान है। साथ ही रीपा में उत्पादित सामग्रियों को ऑनलाईन बाजार जैसे कि अमेजान, फ्लिपकार्ट के माध्यम से भी ग्राहकों को बेचा जाएगा। इस बोट को आत्मिक भारत द्वारा निर्माण एवं फसल बाजार के माध्यम व जिला प्रशासन रायगढ़ के द्वारा कार्यरत किया गया है।

### रीपा उत्पादों का कंपनियों के साथ हुआ बायबैक अनुबंध

रीपा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में जिन उत्पादों का निर्माण हो रहा है। इन उत्पादों का हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रायगढ़, फसल बाजार, जिंदल पावर तमनार द्वारा उत्पादों का बायबैक किया जाएगा। जिसका अनुबंध का अनावरण मुख्यमंत्री बघेल द्वारा किया गया। रीपा तमनार में जिंदल पावर द्वारा जूट बैग एवं मशरूम के उत्पाद का बायबैक करके ऑनलाईन बाजार में बेचा जाएगा। जिससे कि 25–30 ग्रामीण उद्यमियों को सतत् रोजगार प्राप्त होगा। रीपा मिलूपारा एवं रीपा सूपा में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रायगढ़ द्वारा कोसाला ब्रांड का कोसा कपड़ा उत्पादन किया जाएगा। अब यह कार्य हेतु कोसाला ब्रांड को अन्य जिले एवं प्रदेश जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रीपा डोंगीतराई में फसल बाजार के द्वारा रागी के उत्पाद, कच्ची घानी का तेल एवं अन्य जैविक उत्पाद बाजार में बेचा जाएगा। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के द्वारा रीपा उत्पादों के कैटलांग का भी विमोचन किया गया। कैटलॉग के माध्यम से समस्त रीपा के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सचित्र जानकारी मिल सकती है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में पुष्प अर्पित करते हुए किया नमन

## कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का किया अनावरण

जोहर छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में शामिल होने के पूर्व कलेक्टर कार्यालय परिसर रायगढ़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने यहां स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया, साथ ही रीपा के कार्यों का अवलोकन कर इससे जुड़े समूहों के कार्यों को सराहा। मुख्यमंत्री इस मौके पर रायगढ़ जिले को 465 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दिया। जिनमें 258 करोड़ 74 लाख 26 हजार रुपये की लागत वाले 59 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास तथा 207 करोड़ 4 लाख 49 हजार रुपये की लागत से निर्मित 53 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।



* फीता काटकर किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन
* रायगढ़ जिले को मिली 465 करोड़ रूपए की सौगात
* धरमजयगढ़ एवं पुसौर में बने हमर लैब का हुआ लोकार्पण

मुख्यमंत्री बघेल दूरस्थ अंचलों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से धरमजयगढ़ एवं पुसौर विकासखण्ड में 58 लाख रुपये से अधिक लागत के 2 हमर लैब का लोकार्पण किया। जिला चिकित्सालय रायगढ़ में सस्ती दवा दुकान धन्वंतरी मेडिकल का भी शुभारंभ किया। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के मार्गदर्शन और उन्हें तैयारी के अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घरघोड़ा स्थित मुख्यमंत्री युवा केन्द्र में सुविधाओं का विस्तार किया गया है, यहां के उन्नयन कार्यों का भी लोकार्पण भी मुख्यमंत्री ने किया। रायगढ़ में संचालित जिला ग्रन्थालय का उन्नयन करते हुए हाईटेक बनाया गया है और छात्रों के लिए आवश्यक सुविधाएं बढ़ायी गयी है। इसका लोकार्पण भी मुख्यमंत्री के हाथों हुआ।



इसी तरह अन्य लोकार्पण, भूमिपूजन एवं शिलान्यास के तहत लोक निर्माण विभागों के 186 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से 62 कार्य शामिल है। जिसमें सड़कों, स्कूल भवन व अन्य भवनों के निर्माण और जीर्णोद्धार/उन्नयन कार्य शामिल है। नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत 14 करोड़ 39 लाख 71 हजार रुपये की लागत के सड़क सुधार कार्य, वार्डों में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 38 करोड़ 24 लाख 70 हजार रुपये की लागत के कार्य शामिल है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत 107 करोड़ 68 लाख 20 हजार रूपये की लागत से 27 समूह नलजल, सोलर आधारित नलजल कार्य शामिल है। परिवहन विभाग अंतर्गत 95 लाख 95 हजार रुपये की लागत से जिला परिवहन कार्यालय का भूमिपूजन कार्य शामिल है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत 4 करोड़ 58 लाख 63 हजार रुपये की लागत से 12 कार्य शामिल है। आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत 4 करोड़ 68 लाख 70 हजार रुपये की लागत से 3 जगहों पर 50 सीटर प्री.मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास तथा लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अंतर्गत 108 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से 5 पुल का निर्माण कार्य भी शामिल है।



*इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, पूर्व सांसद नंदकुमार साय, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार, चन्द्रपुर विधायक राम कुमार यादव, सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, रायगढ़ नगर निगम महापौर जानकी काटजू, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।*

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल का शुभारंभ

जोहर छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायगढ़ जिले में श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के नवनिर्मित भवन का शुभारंभ किया। 400 बिस्तरों के इस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मरीजों को अब एडवांस कैथ लैब, आईसीयू की सुविधाएं मिलेगी।

बालाजी हॉस्पिटल में 12 वेंटीलेटर के साथ 70 बिस्तरों का एडवांस आईसीयू सेटअप तैयार किया गया है, जिससे जिले के आसपास के गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज सुविधाएं मिलेंगी। इस अस्पताल में एडवांस कैथ लैब भी स्थापित किया गया है ताकि दिल की बीमारियों से जुड़े मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। बालाजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक्मो मशीन के साथ रेस्पिरेटरी विभाग, आधुनिक डायलिसिस मशीन, नेफ्रोलॉजी विभाग, एडवांस गैस्ट्रो विभाग, न्यूरोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग सहित शुगर जांच की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उच्चशिक्षा मंत्री उमेश पटेल, पूर्व सांसद नंदकुमार साय, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार, सक्ती विधायक राम कुमार यादव, रायगढ़ नगर निगम महापौर जानकी काटजू सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।




# गढ़उमरिया में आयोजित चौबीस प्रहरी नाम संकीर्तन यज्ञ में शामिल हुए पूर्व विधायक विजय अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ विधान सभा क्षेत्र ग्राम गढ़उमरिया में आयोजित चौबीस प्रहरी अखण्ड नाम संकिर्तन यज्ञ में पहुंच कर रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभुए श्रीराम जी व श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना आरती कर आमजन की सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की एवं आर्शीवाद लिए। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने कहा कि हरे राम हरे कृष्णा का जाप सबसे सरल नाम जाप है यदि निस्वार्थ भाव से प्रभु भक्ति प्रभु नाम का जाप एवं स्मरण किया जाये तो मनुष्य की हर इच्छा पूरी होना सम्भव है। नाम जाप की महिमा शास्त्रों, पुराणों एवं स्मृतियों में सहज की गई है। अनेक मुनियों ने नाम जाप से परम पद पाया है, उन्होंने कहा कि सच्चे मन से किया गया नाम जप स्वयं सिद्धि दायक होता है। संसार के समस्त भय तप और कष्ट इससे दूर हो जाते हैं यह अखण्ड यज्ञ के समान प्रभावी है जो कलयुग में सर्वोत्तम उपाय भी माना गया हैए उन्होंने नाम जप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मीराए भक्त ध्रुव, प्रहलाद, कबीर, नानक ने भी सिमरन पर ही जोर डाला है और नाम जप को ही प्रमुख माना है। विदित हो कि चार दिवस तक आयोजित चौबीस प्रहरी अखण्ड नाम संकीर्तन यज्ञ के आयोजन में प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ था, वही आयोजन में चार दिवस तक भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण नाम की मधुर संगीत कीर्तन की धुन पूरे अंचल में भक्ति रस का संचार होता रहा। नाम यज्ञ के आयोजन में न केवल ग्रामवासी बल्कि ग्रामीणों के अन्य स्थानों से आये सभी रिश्तेदार भी आयोजन में अपनी सहभागीता दर्ज कियेए वही प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाता रहा एवं कार्यक्रम के अंतिम दिन हवन पूर्णाहूति नगर भ्रमण कीर्तन के साथ महा प्रसाद वितरण कर समापन किया गया।



# अंतर्राष्ट्रीय रामायण मंडली कम्बोडिया की 12 सदस्यीय टीम की संगीतमय प्रस्तुति

25 मिनट की प्रस्तुति में लोगों ने मंत्रमुग्ध होकर लिया आनंद

जोहर छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ के रामलीला मैदान में तीन दिनों तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आगाज हो चुका है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज इसका शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर यहां से करीब 4500 कि.मी.दूर 12 सदस्यीय कम्बोडिया की अंतर्राष्ट्रीय रामायण टीम ने मनमोहक प्रस्तुति दी। अपने आकर्षक वेशभूषा के साथ 25 मिनट की प्रस्तुति में दर्शकों का दिल जीत लिया। मौका था अहिरावण हनुमान प्रसंग का।

कम्बोडिया रामायण टीम द्वारा अहिरावण प्रसंग की संगीतमय प्रस्तुति की गयी। इस प्रसंग में रावण के भाई अहिरावण श्री राम को मूर्छित कर पाताल लोक ले जाए जाते हैं।



हनुमान राम को सकुशल लाने के लिए पाताल लोक जाते हैं जहां हनुमान का सामना उनके पुत्र मकरध्वज से होता है। युद्ध में दोनों की लड़ाई होती लेकिन इसमें किसी की जीत या हार नही होती। अंत में हनुमान, श्रीराम को वापस लाते हैं। इस प्रसंग को बड़े ही भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुति दी गई।



## एक नजर

### सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने थाने का किया घेराव, वन विभाग के कर्मचारियों एफआईआर की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रतनपुर कोटा क्षेत्र के तेंदुआ बीट के जंगल में मृत भालू को लेकर वन विकास निगम के कर्मचारियों ने 3 आदिवासियों को संदेह के आधार पकड़ कर शिव तराई लाया जिसमें लूमन सिंह बैगा, राम सिंह बैगा, और वीर सिंह बैगा इन तीनों आदिवासियों को वन विकास निगम के कर्मचारियों ने शिवतराई से अपने भैसाझार कार्यालय में ला कर संदेह के आधार पर पूछताछ कर रहे थे इस पूछताछ के दौरान तीनों बैगा के साथ कर्मचारियों ने मारपीट किया है ऐसा आरोप सर्व आदिवासी समाज के लोग लगा रहे हैं इन्हीं बातों को लेकर आदिवासी समाज के लोग वन विभाग के आला अधिकारियों से मिले, तो आला अधिकारियों ने उन्हें जांच का आश्वासन दिया फिर ये लोग कोटा थाना चले गए। कोटा थाना ने कह दिया कि भैसाझार हमारे थाना में नहीं है फिर यह सभी लोग रतनपुर थाना पहुंचे। चुकी भैसाझार रतनपुर थाना अंतर्गत आता है और तीनों बैगा के ऊपर भैंसाझार के कार्यालय में मारपीट करने का आरोप है जिससे बताया जा रहा है कि 2 लोगों के कान में दर्द है और एक के रीड की हड्डी में दर्द है जिसे लेकर आज आदिवासी समाज आंदोलित है और इनका कहना है कि पुलिस, वन विकास निगम के कर्मचारियों के खिलाफ एफआई आर दर्ज नहीं कर रही है जिसे लेकर आज रतनपुर थाने का घेराव किया गया,और सर्व आदिवासी समाज के लोगों का कहना है कि अगर उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय रामायण महोत्सव:सोशल मीडिया में नंबर 1 पर किया ट्रेंड

* रामायण महोत्सव को मिली बड़ी सराहना

जोहर छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायगढ़ जिले के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का शुभारंभ किया। प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय रामायण महोत्सव से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लोग जुड़ रहें है और आज दिनभर सोशल मीडिया में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव छाया रहा। विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव नंबर 1 पर ट्रेंड करता रहा और लोगों ने राज्य सरकार के राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के आयोजन की पहल की खूब सराहना की।




गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पहली बार राष्ट्रीय रामायण महोत्सव 1 से 3 जून तक रायगढ़ के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय महोत्सव में देश के 12 राज्यों सहित कंबोडिया और इंडोनेशिया के रामायण दलों द्वारा रामकथा पर भक्तिपूर्ण प्रस्तुति दी जाएगी। इन रामायण दलों की प्रस्तुति में सर्वव्यापी भगवान श्रीराम की रामकथा के विविधतापूर्ण राष्ट्रीय-वैश्विक स्वरूपों की झलक देखने को मिल रही है।

रामायण के अरण्य काण्ड पर रामायण दलों की प्रतियोगिता भी शुरू हो चुकी है। साथ ही महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कलाकार भजन संध्या में अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे। रामलीला मैदान में तीन दिनों तक रामकथा की अविरल भावधारा बहेगी। इस राष्ट्रीय महोत्सव में केरल, कर्नाटक, ओड़िसा, असम, गोवा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखण्ड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के रामायण दल शामिल हो रहे हैं। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के अंतिम दिन हिन्दी के प्रख्यात कवि कुमार विश्वास अपनी विशेष प्रस्तुति 'अपने-अपने राम म्युजिक नाईट' से भगवान श्रीराम की महिमा का बखान करेंगे।

# घोटला बड़े के गौठान में खाद के साथ सब्जी-भाजी और मछलीपालन भी

* लक्ष्मी समूह गौठान के अलावा घर में आटाचक्की दुकान भी चला रही

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी कार्यक्रम ने राज्य के मेहनती लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया है। उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और वे निरंतर कई अन्य कार्यों में भी अपनी मेहनत लगाया है। जिले के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम घोठला बड़े के गौठान में तीन महिला स्वसहायता समूह कार्य कर रही है।



घोठला बड़े, अमझर, कोसीर छोटे आदि गांव में लाता नाला का वृहद नहर के समान जल का बहाव होता है और इन गांवों के सभी घरों में सब्जी-भाजी का उत्पादन किया जाता है। लक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष अनुराधा सिदार ने बताया कि घोठला बड़े में कार्यरत लक्ष्मी, कमला और शारदा महिला स्वसहायता समूह अंतर्गत 27 महिलाएं कार्य कर रही है। समूहों ने गौठान में सामुदायिक बाड़ी से प्याज, लाल भाजी, धनिया आदि की मौसमी खेती की थी। अब बरसात में भी सब्जियों की खेती करेंगे। वर्मी कम्पोस्ट से जैविक खाद का निर्माण किए हैं। लक्ष्मी समूह मछली पालन कर रही है साथ ही साथ घर में आटा चक्की का दुकान भी चला रही हैं। स्वसहायता समूह की महिलाएं बड़ीए आचार आदि के साथ मुर्गीपालन भी कर रही हैं।





# नव पदस्थ पुलिस थाना प्रभारियों की ली क्लास, शिकायत पर हो तुरंत कार्यवाही

पूरी क्षमता के साथ निर्भिक होकर पारदर्शिता के साथ पुलिसिंग करने के सख्त निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले का कार्यभार संभालने के बाद बुधवारए 31 मई 2023 को सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी व थाना चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें पूरी क्षमता के साथ निर्भिक होकर पारदर्शिता के साथ पुलिसिंग करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति के प्रति उदारता बरतते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने तथा आरोपी के विरूद्ध सख्ती के साथ कार्यवाही करें, थाने से एक भी फरियादी निराश होकर न जाए, जिले में बेहतर पुलिसिंग करते हुए आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं अवैध कार्यो पर के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रथम बैठक में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने कहा कि पुलिस अधिकारी अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण क्षमता व निष्ठा के साथ करें, जिम्मेदारी के प्रति लापरवाही करने पर संबंधित को नहीं बख्शा जाएगा। प्रभारियों को लंबित मामलों के निकाल पर विशेष ध्यान देने, अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र करने, थाना-चौकी में फरियाद लेकर आने वालों नागरिकों से शालीनतापूर्वक चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने तथा कोई भी फरियादी थाना से निराश होकर न जाए इस दिशा में कार्य करने, आरोपी तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरूद्ध सख्ती बरतने तथा अपराध को कम करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपके ऐसी कार्यवाही से समाज व लोगों में पुलिस की छवि और अच्छी बनेगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, सीएसपी जेपी भारतेन्दु, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, डीएसपी सिरिल एक्का, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे,जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी सहित जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।



पीड़ित के प्रति उदारता तथा आरोपी के विरूद्ध सख्ती बरतने दी सख्त हिदायत

# विधायक, कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स विद्यार्थियों और प्राचार्यों को किया सम्मानित

## 13 टॉपर्स विद्यार्थियों को लैपटॉप एवं 77 प्राचार्यों को दिया प्रशस्ति पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यूण्डी मिंज, जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले के 13 प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप देकर पुरस्कृत एवं बोर्ड परीक्षा 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त होने वाले 77 विद्यालयों के प्राचार्यो को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस दौरान पूरे प्रदेश में बोर्ड परीक्षा परिणाम में अव्वल रहने पर यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता, सदस्य संजीव शर्मा एवं अवनीश पांडेय को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव, जिले के राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावकगण, सहस्त्रांशु पाठक सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने छात्रों की को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सफलता अर्जित करने



### सफलता हासिल करने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका

के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों का महत्वपूर्ण भूमिका होता है सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर कठिन परिश्रम करें सफ्लता जरूर प्राप्त होगी। संसदीय सचिव यूडी मिंज ने बच्चों को कड़ी मेहनत पर बधाई दी और कहा कि जिले के शासकीय विद्यालयों से इतने विद्यार्थियों का एक साथ प्रदेश में प्रावीण्य सूची में आना गौरव की बात है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह सफलता की शुरुआत है आप आगे भी इसी प्रकार अपना बेहतर प्रदर्शन करते रहिए। जशपुर विधायक विनय भगत ने कहा कि कुछ वर्षों में जशपुर जिले का नाम शिक्षा के क्षेत्र में काफी बढ़ा है। जिले के बच्चे बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बना रहे है साथ ही आईआईटी, एनआईटी एवं मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पा रहे है। यह काफी खुशी की बात है कि जिले के ऊर्जावान कलेक्टर द्वारा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया जा रहा है जो सराहनीय है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु चलाये जा रहे यशस्वी जशपुर कार्यक्रम निश्चित ही सार्थक साबित हुआ है। मेरिट में आने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि यह सफलता आपके जीवन की पहली बड़ी उपलब्धि है। आगे लगातार मेहनत करते रहें और अपने जीवन के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य को भी प्राप्त करें। उन्होंने सभी प्राचार्यो को बधाई और शुभकामनाएं दी है।



कलेक्टर डॉ. मित्तल ने प्राचार्यो एवं बच्चों को अपने सिद्धांतों को लेकर दृढ़ संकल्पित रहने को कहा, इससे सफलता मिलना तय हो जाता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को लेकर जशपुर एवं कुनकुरी के विधायकों एवं शिक्षा को लेकर गंभीर रहने वाले जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिल रहा है जिससे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर पा रहे हैं। प्राचार्यो से आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए जिले का लक्ष्य निर्धारित करते हुए विद्यालयों को 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम में लाने की अपेक्षा की। जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव ने कहा कि ज़िले के विद्यार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाता रहेगा तथा जिले में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए अन्य नवाचारी गतिविधियों का क्रियान्वयन कराया जाएगा। जशपुर राइस मिलर्स अध्यक्ष ने होनहार छात्रों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। नोडल अधिकारी यशस्वी जशपुर विनोद कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जशपुर जिला 12वीं बोर्ड परीक्षा में 95ण्37 प्रतिशत के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान में रहा है तथा कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 94.04 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान में रहा है। उन्होंने कहा कि समारोह बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं प्राचार्यो को सम्मानित करने हेतु आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि नवाचार के रूप में इस वर्ष प्रारंभ किए गए साप्ताहिक मूल्यांकन के माध्यम से बच्चों के प्रदर्शन की लगातार मॉनिटरिंग और जिले स्तर पर मासिक समीक्षा को महत्वपूर्ण रहा है। जिससे इस वर्ष अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त हुआ है।

# निवृत्तमान पुलिस कप्तान रामकृष्ण साहू को दी भावभीनी विदाई,शांति व्यवस्था कायम रखने प्रशासन का मिला भरपूर सहयोग

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




पुलिस परिवार सूरजपुर के द्वारा मंगलवार, 30 मई 2023 को निवृत्तमान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की विदाई एवं नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला के स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा हाल ही में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की गई थी। जिसमें रामकृष्ण साहू को सेनानी,13वीं वाहिनी कोरबा के पद पर पदस्थ किया गया है। विदाई व स्वागत कार्यक्रम में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार नंदे, सीईओ जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम, डीएफ ओ संजय यादव सहित अन्य अधिकारियों ने निवृत्तमान व नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। सूरजपुर पुलिस परिवार व जिला प्रशासन की ओर से एसपी रामकृष्ण साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर सूरजपुर संजय अग्रवाल भाप्रसे ने विदाई समारोह को संबोधित किया और कहा कि पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के साथ करीब एक माह कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कानून व्यवस्था की परिस्थितियों को शांतीपूर्वक एवं सामंजस्य से निराकरण किए आम नागरिकों की मदद करने और आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के क्षेत्र में हमेशा आगे रहे हैं। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले से विदा हो रहे पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को अग्रिम पदस्थापना की शुभकामनाएं दी। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला भापुसे ने जिला से विदा हो रहे रामकृष्ण साहू के कार्यो की सराहना करते हुए नई पदस्थापना की बधाई दी।

निवृत्तमान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण होना सामान्य प्रक्रिया है। सूरजपुर जिले में पदस्थापना के दौरान जिले के आम नागरिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिला, सूरजपुर एक शांत प्रिय जिला है। शांति व्यवस्था कायम रखने प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला। उन्होने कहा कि 1 वर्ष से अधिक समय के कार्यकाल में जिले वासियों से स्नेह सम्मान मिला जिसे वे हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। सभी ने मिलकर एक बेहतर टीम की तरह कार्य किया है। जिससे आम जनों का भरोसा पुलिस के प्रति बढ़ा है। कार्यक्रम को डीएफ ओ संजय यादव व सीएमएचओ डॉ.आर,एस सिंह ने भी संबोधित किया। आभार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह ने किया तथा मंच का संचालन एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी असलम खान,प्रवीण कुजूर,पुनीत तिग्गा, सुश्री सावित्री रक्सेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, राकेश पाटनवार, सीएसपी जे,पी,भारतेन्दु, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, डीएसपी सिरिल एक्का, रामश्रृंगार यादव, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी सहित प्रशासन व पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर ने ली प्रेसवार्ता

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



-छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग नवा रायपुर द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार नगरपालिका बेमेतरा के वार्ड क्रमांक-06 रिक्त पार्षद पद एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत जिले के 01 जनपद पंचायत सदस्य, 05 सरपंच एवं 12 पंच के उप निर्वाचन 2023 हेतु 02 जून 2023 से नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रारंभ होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पदुम सिंह एल्मा ने आज गुरुवार को राजनीतिक दलों की बैठक एवं पत्रवार्ता लेकर आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होने बताया कि पार्षद, सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों को ओएनएनओ में ऑनलाइन नामांकन भरने के बाद प्रिंट आउट लेकर हार्ड कॉपी रिटर्निंग आफिसर के समक्ष जमा करना होगा। उन्होंने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, मतदाता सूची की जांच, जेण्डर रेसियो एवं ईपि रेसियो की जांच एवं लंबित फार्म का निराकरण आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

बैठक में कलेक्टर ने बताया गया कि 09 जून 2023 को अपरान्ह 3.00 बजे तक नाम निर्देषन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख है। 10 जून को प्रातः 10.30 बजे से नाम निर्देषन पत्रों की संवीक्षा (जांच), 12 जून को अपरान्ह 3.00 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख तथा अपरान्ह 3.00 बजे के बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जायेगा। प्रतीक आबंटन के तुरंत बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाषन किया जायेगा। पंचायतों में मतदान 27 जून 2023 को प्रातः 7.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक होगा तथा मतदान केंद्र में ही मतदान समाप्ति उपरांत मतगणना होगी। खण्ड मुख्यालय में सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 30 जून 2023 को प्रातः 9.00 बजे से किया जायेगा। पार्षद पद के लिए मतदान 27 जून को प्रातः 8.00 बजे से 5.00 बजे तक तथा मतगणना 30 जून को प्रातः 9.00 बजे की जायेगी। त्रिस्तरीय पंचायत में जनपद पंचायत बेमेतरा में 03 सरपंच एवं 03 पंच, जनपद पंचायत बेरला में 01 जनपद सदस्य, 02 सरपंच एवं 04 पंच तथा जनपद पंचायत साजा में 05 पंच के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया की जा रही है, जिसके लिए संबंधित तहसीलदार को रिटर्निंग आफिसर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है।

*त्रिस्तरीय पंचायत के उप निर्वाचन मतपेटियों से गैर दलीय आधार पर होंगे। विगत निर्वाचन की भांति इस बार भी जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंच पद के निर्वाचन में अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु ऑनलाइन नाम निर्देशन हेतु ओएनएनओ की व्यवस्था की गई है। ओएनएनओ के माध्यम से अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र ऑनलाइन भर कर प्रिंट कॉपी निर्धारित तिथि एवं समय में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत कर सकता है। इस व्यवस्था से अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र में होने वाली तकनीकी त्रुटियों से बच सकेंगे*

# दुबई में फैशन शो कराने के नाम पर भिलाई में भाजपा नेत्री से 17 लाख की ठगी

**भिलाई।** इंटरनेशलन स्तर पर फैशन शो कराने के नाम पर भिलाई में भाजपा नेत्री से 17 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में भाजपा नेत्री व सोशल वर्कर ने भिलाई भट्टी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-1 निवासी टी. जाया रेड्डी (46) जे.के. फाउंडेशन की




डायरेक्टर है और पूर्व पार्षद भी रह चुकी है। जया रेड्डी फैशन शो आयोजित करने का भी काम करती है। उन्होंने भट्टी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि जयपुर राजस्थान निवासी विजय जैन द्वारा इंटरनेश्नल लेवल पर दुबई में फैशन शो कराने का दावा किया। इसके लिए 15 मई 2022 से 27 जुलाई 2022 तक यूपीआई गुगल पे एवं फोन पे के माध्यम से लगभग 17,88,328 रुपए ले लिए।

जया रेड्डी ने बताया कि वे अब तक 10 से ज्यादा इवेंट करा चुकी हैं और उनके बड़ी संख्या में महिलाएं भी जुड़ी हुई हैं।

# स्वरोजगार स्थापित करने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से मंगाए आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए जिले के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग इच्छुक आवेदकों से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बेमेतरा के कार्यापालन अधिकारी ने बताया कि जिले के अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के आवेदकों को अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनान्तर्गत ऋण लोन प्रदान किया जाएगा, जिसमे बेकरी कार्य, भोजन बनाना, चाट की दुकान, सेलून/व्यूटी पार्लर, चाय कैटिंग, नाश्ता केन्द्र, घड़ी साज, विद्युत यंत्र सुधारक, साइकल मरम्मत, स्कूटर मोपेड टू व्हीलर रिपेरिंग, पशु पालन एवं मुर्गी पालन, फूटकर विक्रेता, मसाला उद्योग, मोमबत्ती निर्माण, स्टेशनरी, सिलाई कढ़ाई बुनाई, मसरूम उत्पादन, ईट खपरा निर्माण, इलेक्ट्रिक मोटर पंप मरम्मत व्यवसाय, रेडियो टी.बी. टेप रिपेयरिंग व्यवसाय, फर्नीचर व्यवसाय, दोना पत्तल निर्माण आदि व्यवसाय के लिए लोन प्रदाय किया जाएगा। पात्रता एवं शर्तें - आवेदक/आवेदिका अनुसूचित/अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए, जिले का निवासी हो, वार्षिक आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, आवेदकों का उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो, आवेदक ने किसी भी बैंक अथवा संस्था से पूर्व में कर्ज न लिया हो शपथ पत्र देना होगा, आवेदक को राशन कार्ड /आधार कार्ड/वोटर आईडी की छाया प्रति प्रस्तुत करना होगा। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बेमेतरा में सायं 5.30 तक जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय परिसर में स्थित जिला अंत्यावसायी कार्यालय कक्ष क्रमांक 82 में सम्पर्क कर सकते हैं।

# पुलिया निर्माण में लगे सेटिंग प्लेट हुआ गायब

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

ग्राम मसिरा निवासी बलराम जेना ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मोहली में बिजली टावर में लगने वाले 28 नग एंगल को 18 अप्रैल 23 को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी लिया गया। वहीं दूसरे मामले में माड़ा सिंगरौली निवासी सीताराम ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते 22 व 28 मई को भैयाथान.प्रतापपुर मार्ग में पुलिया निर्माण में लगने वाले 27 नग सेटिंग प्लेट को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। दोनों मामले की रिपोर्ट पर पृथक-पृथक धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी झिलमिली को दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना झिलमिली पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी करने के दौरान मुखबीर



की सूचना पर भैयाथान चौक में एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन को चेक किया गया। जिसमें लोहे का सेट्रिंग प्लेट व लोहे का टावर एंगल लोड़ पाया गया। चालक रामलाल दुबे उर्फ मनोज पिता स्व.प्यारेलाल दुबे उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम डकईपारा, थाना पटना जिला कोरिया से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों स्थानों से चोरी की वारदात को अंजाम दिये। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी सुरेश तिवारी उर्फ मोटू पिता परमेश्वर तिवारी उम्र 23 वर्ष ग्राम कोरंधा, थाना लुण्ड्रा, जिला सरगुजा, सुमेश्वर सिंह उर्फ सुदामा पिता बिहारी सिंह उम्र 19 वर्ष ग्राम संबलपुर, थाना जयनगर, मनोज उर्फ थलेश्वर पेंकरा पिता साहित राम उम्र 22 वर्ष ग्राम डकईपारा, थाना पटना व हरिराम पैंकरा पिता सुखदेव पैंकरा उम्र 23 वर्ष ग्राम डकईपारा, थाना पटना को पकड़ा। दोनों मामले में पुलिस ने चोरी का 28 नग एंगल व 27 नग सेन्ट्रिंग प्लेट कुल कीमत 1 लाख 21 हजार रूपये व घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन व एक मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द्र सिंह, एसआई हिम्मत सिंह शेखावत, एएसआई पास्कल लकड़ा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र यादव, अलबिनुस तिर्की, आरक्षक राकेश सिंह, हेमन्त सिंह, भीमेश आर्मो, अवधेश पैंकरा सक्रिय रहे।

# हिण्डाल्को, जीएनसी ने 40 लोगों को नौकरी की आश्वासन देने के बाद भी नहीं मिली किसी स्थानीय ग्रामीण को नौकिरी

## 4 पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज़ एसडीएम कुसमी को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

आपको बता दे की हिण्डाल्को, जीएनसी कंपनी के द्वारा चरहट पाठ में नया खदान खोलने के विरूद्ध सभी स्थानीय लोगो द्वारा रोजगार सम्बंधी माँग को लेकर यह द्वारा हडताल धरना किया गया था। यह हड़ताल दिनांक 24 अप्रैल से शरू हुई थी अपनी हक की लड़ाई को लेकर स्थानीय ग्रामीण व ग्राम पंचायत के सभी सरपंच उपसरपंच व बीडीसी सभी जनप्रतिनिधियों की समर्थन में यह हड़ताल चल रही थी, 15-20 दिवस यह हडताल जारी रही। उसके बाद हड़ताल पर पहुँच ठेकेदार द्वारा 40 लोगो को नौकरी का आश्वाशन देकर हडताल तोडवाया गया था। जिस पर अभी तक दो माह तक कोई साकारात्मक पहल नही हुआ। जिससे लिज क्षेत्रवासी में




जीएनसी, ठेकेदार, व कंपनी के प्रति काफी नाराजगी व आक्रोश देखी जा रही है।

जिसको लेकर स्थानीय लोगो व 4 पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधियों ने आज कुसमी अनुविभागीय अधिकारी को इस समस्याओं को अवगत कराया है, और ज्ञापन दे कर उचित मांग की गयी है। और अगर उनकी उक्त मांगों को गत 2 दिवस के भीतर पूर्ण नही की जाएगी सभी स्थानीय ग्रामीण व सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा फिर से चरहट माइंस को पूर्ण रूप से बाधित किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी हिण्डाल्को कम्पनी व प्रशासन की होगी।

** इस संबंध में मुझे आप लोग के माध्यम से जानकारी मिली है, आप लोगो ने ज्ञापन मुझे दिया है, इस विषय में हिण्डाल्को, जीएनसी, से बात कर आपकी मांगो का जो उचित निराकरण होगा व किया जायेगा।*

***-- एसडीएम कुसमी***

** स्थानीय ग्रामीणों की जो भी मांग है वह जायज है हम इनकी मांगों का समर्थन करते हैं। और इनके द्वारा मुझे भी लिखित आवेंदन दिया गया है। हिण्डाल्को के द्वारा सन 1996 में अनुबंध में स्पष्ट इस बात का उल्लेख किया गया है, की मशीन का उपयोग कम से कम की जाएगी व ज्यादा से ज्यादा स्थानीय ग्रमीणों को नौकिरी देने बात कंपनी कहती है।*

*और आज जो मुझे ये आवेंदन दिया गया है, इस पे मैं अपने संगठन के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, व प्रभारी मंत्री के माध्यम से व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जी के माध्यम से इस सभी बातों को अवगत कराऊंगा, जरूरत पड़े तो ये चारों पंचायत के जनप्रतिनिधियों को मेरे साथ रायपुर मुख्यमंत्री के पास जाकर गुहार लगाएंगे की हमारे छेत्र में उत्खनन का काम हो रहा है, तो हमारे स्थानीय लोगों का अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाये।*

***हरिश मिश्रा, जनपद उपाध्यक्ष***

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, शुक्रवार 2 जून 2023

### विश्व दुग्ध दिवस पर ग्राम पंचायत मझगवां में पशुपालकों का किया सम्मान

# किसान पारंपरिक खेती के साथ गौ पालन करके एक अतिरिक्त आय का स्रोत बनाएं-डॉ. आशुतोष

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



परंपरागत खेती के साथ गौ पालन एक अच्छा व्यवसाय बन सकता है। इसके लिए सभी किसान अपने घरों में कम से कम दो गाय जरूर पालें। इससे उनके परिवार को अच्छा पोषण भी मिलेगा और एक अतिरिक्त आय का स्रोत भी बन सकेगा। उक्ताषय के विचार जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने गौपालको से चर्चा के दौरान व्यक्त किए। विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग कोरिया द्वारा ग्राम पंचायत मझगंवा के गोठान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पषुपालकों के मुफ्त दवाएं प्रदान की गईं और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के तरीके के बारे में बताया गया। पषुपालकों और किसानों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीइओ डॉ. आशुतोष ने कहा कि प्रत्येक किसान जो धान गेंहू की खेती करते हैं वह सभी आसानी से एक या दो दुधारू पषु पालन कर सकते हैं। उपज के बाद जो सूखा चारा बचता है उससे पशुओं के चारे के तौर पर उपयोग करें, इससे उनके परिवार में कम से कम 10-12 लीटर दूध आसानी से प्राप्त होने लगेगा। घरेलू उपयोग के बाद भी वह अच्छी मात्रा में दूध बाजार में बेच सकते हैं जिससे पशुपालन का खर्च भी निकल जाएगा और उन्हे प्रतिदिन एक निश्चित आय भी होने लगेगी। सीइओ डॉ. आशुतोष ने कहा कि दूध के साथ उसके सह उत्पाद भी बाजार में हाथों हाथ बिकते हैं इसलिए आप इसे व्यावसायिक तौर पर करें तो काफ ी लाभ की संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में पषुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देषित करते हुए उन्होंने कहा कि पषुपालन को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा पचास प्रतिशत अनुदान पर दो दुधारू पशु पालने की योजना लाई गई है उसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं और जो वास्तविक तौर पर दुग्ध उत्पादन की ओर आगे आना चाहते हैं उन्हें प्रोत्साहित भी करें।

विश्व दुग्ध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूवात छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना से की गई। इसके बाद विटनरी डॉ. विमल पटेल ने विश्व में दुग्ध उत्पादन के साथ पूरे देश व छत्तीसगढ़ प्रदेश में दूध के उत्पादन और मांग के सबंध में आंकड़े बताए और उपस्थित किसानों से दुधारू पशु पालन को व्यवसाय की तरह प्रारंभ करने का आवाहन किया। डॉ. पटेल ने बताया कि जिले के अन्य गौठानों में भी आज आयोजन किए जा रहे हैं और दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही गोठान में किसानों के पशुओं के उपचार के साथ उन्नत किस्म के कृत्रिम गर्भाधान से नस्ल सुधार भी किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय स्तर पर कम मात्रा में दूध देने वाले पशुओं के बधियाकरण की भी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। ग्राम गौठान में पशुपालन विभाग द्वारा एक दर्जन दुग्ध उत्पादक किसानों व महिलाओं का सम्मान भी किया गया। इस आयोजन में ग्राम पंचायत के उपसंरपंच देवनारायण साहू, पशुपालन विभाग से डॉ. वंदिता मिश्रा, डॉ. शुभम वर्मा सहित अन्य स्टाफ , ग्राम पंचायत सचिव व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



## एक नजर

### भूपेश राज में करोड़ों के शराब घोटाले सहित हर स्तर पर अनवरत जारी माफियाराज- धर्मवती राजवाड़े

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।








कोरिया जिला भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की भूपेश सरकार पर करोड़ों के शराब घोटाले का आरोप लगाकर शहर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। आपको बता दें की प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ शालिनी राजपूत के आदेश और कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के निर्देश पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कोरिया धर्मवती राजवाड़े के नेतृत्व में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व महिला मोर्चा की प्रभारी प्रवीण सिंह की उपस्थिति में बैठक संम्पन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, जिला जिला पंचायत सदस्य,उपाध्यक्ष वन्दना राजवाड़े, विशेष आमंत्रित सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेत्री अंजली जायसवाल, बरिष्ट नेत्री रमावती राजवाड़े जिला उपाध्यक्ष, सदस्य चुन्नी पैंकरा, वकील कामनी राजवाड़े, उपाध्यक्ष बबिता ग्वाले, महामंत्री संगीता गुप्ता, मंजू जीवनानी, जिला मंत्री अर्चनागुप्ता, वर्षा साहू,प्रीति तिवारी, सलका मंडल अध्यक्ष रीता यादव, पटनामंडल अध्यक्ष ममता कुशवाहा, बैकुंठपुर सरिता जायसवाल,बचरपोड़ी अध्यक्ष चंदा यादव, सोनहत अध्यक्ष राजकुमारी,चरचा अध्यक्ष उर्मिला सिंह, अनुराधा राजवाड़े मंडल महामंत्री सलका,ललिता चेरवा सरिता शिवहरे, मंडल उपाध्यक्ष सलका विमला राजवाड़े, प्रियंका गुप्ता,सरिता सोनी, महामंत्री बैकुंठपुर मंडल राधा सोनी एव सभी जिला व मंडल की महिला मोर्चा की सदस्य व पदाधिकारियों की उपस्थिति में विरोध प्रदर्शन संपन्न कराया गया। जहां पर भाजपाई महिला विंग ने बताया की कांग्रेस सरकार द्वारा अवैध तरीके से शराब की अफरा तफरी कर 2 हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया गया है। जिसको लेकर,भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला कोरिया के द्वारा। रैली निकालकर और,बैनर पोस्टर लगा कर विरोध प्रदर्शन किया गया। और आम जनों तक भूपेश सरकार के शराब घोटाले की बात पहुंचाई गई। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े ने बताया की छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार द्वारा पोषित कारोबारियों और बड़े अधिकारियों के पास से प्रवर्तन निदेशालय द्वारा काली कमाई जप्त की जा रही है। और सभी को ईडी गिरफ्त में ले रही है। साथ ही पूरे प्रदेश में जिस तरह भ्रष्टाचार की नदिया बह रही है। और चारो तरफ रेत,कोयला,तबादला एक्सप्रेस,सीजी पीएससी जैसे कारनामों की पूरी जनता दुहाई दे रही है। आने वाले विधान सभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट भूपेश सरकार पूरी तरह जमीदोज हो जायेगी।

# एवीएफओ अश्वनी कुमार चौधरी का सेवानृवित पर किया गया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-तमनार।



महाविद्यालयीन शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात आपका चयन ग्रामीण स्तर पर ग्राम सचिव ग्राम सेवक जैसे पदों पर भी हुआ परन्तु आपने 19 अक्टूबर 1981 को सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी ;एव्हीएफ्ओ के पद पर नियुक्त होकर पशु चिकित्सा विभाग में पदार्पण किया आपकी प्रथम पदस्थापना ग्राम कुभाँठा के पशु चिकित्सालय में होने के बाद वर्ष 1981 से 1986 तक 5 वर्ष अपनी सेवा दी ततपश्चात आपका स्थानांतरण ग्राम ननसिंया कृत्रिम रेतन उपकेन्द्र में हुआ एवं वर्ष 1986 से 1992 तक 6 वर्ष आपने अपनी उत्कृष्ठ सेवा दी। इसी दौरान वर्ष 1987 में विभागीय कार्य में तत्कालीन शिक्षा मंत्री बंशीलाल धृतलहरे के हाथों आपको वत्स उत्पादन में सर्वोत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिये प्रशस्ति पत्र देकर आपको सम्मानित किया गया। वर्ष 1992 में आपका स्थानांतरण तमनार पशु चिकित्सालय में होने के पश्चात मई 2023 में सेवानिवृत अवधि तक 31 वर्षो की तीन दशकीय सुदीर्घ सेवा देते हुए शासकीय सेवा से मुक्त होकर समाज सेवा के क्षेत्र में स्वतंत्र पदार्पण कर रहे हैं। बचपन से ही आपके भीतर गोवंश संरक्षण एवं पशु संवर्धन की मानवीय संवेदना प्रतिष्ठित थी जो पशु चिकित्सा विभाग में पद स्थापना के साथ अवसर में परिवर्तित हो गया अपने सेवा में प्रगाढ़ता के लिये आपने शिक्षण प्रशिक्षण के लिए सदैव समय दिया, सेवा काल में आपने जिन गतिविधियों व उपलब्धियों से स्वयं को परखा उसमें वर्ष 2002 में डेवलपमेंट रिसोर्स का प्रशिक्षण उड़िसा की राजधानी भुवनेश्वर में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद से प्रशिक्षण शामिल है। आपको वर्ष 2009-2010 में सचालक पशु चिकित्सा सेवायें छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा उत्कृष्ठ कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया वहीं ग्राम वासनपाली तमनार में वत्स 1 माह में 10 मादा कॉफ उत्पादन में विशेष ख्याति भी प्राप्त की। आपकी सेवा सत्कर्म को नमन वंदन अभिनंदन अश्वनी कुमार चौधरी के 42 वर्ष 7 माह की पशु चिकित्सा सेवा क्षेत्र में सुदीर्घ योगदान को नमन वंदन अभिनंदन करते हुए सम्मनित स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। डॉ. जीएसएस तवर उप संचालक, डॉ. डीएन चौधरी पशु चिकित्सा सेवाए रायगढ़, डॉ. डीआर प्रधान, डॉ. जेएल कुशवाहा, डॉ. अनिल पटेल, डॉ. वाईपी चंद्रा, डॉ. बीपी सिदार, डॉ. चित्ररंजन एवं जीएस, सुखलाल तिग्गा अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रही।

# दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नवीन तथा नवीनीकरण हेतु 203 दिव्यांगजनों ने शिविर में कराया पंजीयन

* मतदाता सूची में नाम जोड़ने लिए गए आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।






विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के मानस भवन में आज दिव्यांगजनों के नवीन दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने एवं नवीनीकरण हेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके दिव्यांगजनों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने आवेदन लिया जा रहा है। शिविर में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर की अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शिविर का शुभारंभ किया। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में दिव्यांजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये लगातार खण्डस्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आज कुल 203 दिव्यांगजनों का नवीन दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने एवं नवीनीकरण हेतु पंजीयन किया गया। इसके साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के दिव्यांगजनों का मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने आवेदन लिए गए।

# राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं समय-सीमा में हो पूर्ण-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली जिसमें उन्होंने राजस्व के विभिन्न प्रकरणों और उनके निराकरण पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कलेक्टर ने पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निराकरण में तेजी लाने तथा ई-कोर्ट में अनिवार्य रुप से पंजीयन कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप राजस्व प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण कर आम जन की मदद करें। बैठक में नक्शा विहीन खसरों की जानकारी लेते हुए नक्शा अद्यतीकरण किए जाने कहा गया। इस दौरान अविवादित व विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, और व्यपवर्तन के दर्ज, निराकृत और लंबित प्रकरणों पर विस्तार से जानकारी ली गई।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए राजस्व अधिकारी अभी से सभी तैयारियों में लग जाएं। मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि अपने अधीनस्थों, राजस्व निरीक्षकों तथा पटवारियों को कड़ाई से समय सीमा में काम करने निर्देशित करें। इस दौरान राजस्व से संबंधित अपील, पुनरीक्षण, डायवर्सन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, अभिलेख सुधार, विवादित अविवादित खाता विभाजन, आबादी सर्वे निपटारा, अतिक्रमण, भू-अर्जन, आबादी पट्टा वितरण, भूमि अर्जन, भूमि आबंटन, जवाब दावा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अनिल सिदार, एसडीएम बैकुंठपुर अंकिता सोम, एसडीएम सोनहत अमित सिन्हा सभी तहसीलदार तथा राजस्व सम्बन्धी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर लंगेह ने शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान, शाल श्रीफल के साथ सौंपे पेंशन भुगतान आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज शासकीय सेवकों को उनके सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में कलेक्टर लंगेह ने सेवानिवृत्त होने वाले विभिन्न विभागों के 02 शासकीय सेवकों को पेंशन भुगतान आदेश पीपीओ जीपीओ पुष्प गुच्छ एवं शाल श्रीफ ल के साथ प्रदान किया। अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया।

शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों में शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर के लेखापाल सुरेन्द्र लाल राजवाड़े एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पटना की ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक विमला यादव है।संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन सरगुजा संभाग अम्बिकापुर के निर्देशन में जिला कोषालय द्वारा यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कलेक्टर लंगेह के मार्गदर्शन में शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर तत्काल पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किया जाना विशेष उपलब्धि है। जिला कोषालय अधिकारी वीजीउपगड़े ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के कार्यालय प्रमुखों का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण यथा समय संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन को प्रेषित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जातियता के आधार पर दलित परिवारों से छुआछूत और भेदभाव

जोहर छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



शासन-प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद छुआछूत जैसी समाजिक बुराई आज भी हमारे बीच में जिंदा है। कुछ ऐसी ही खबर रायगढ़ जिले के सुदूर अंचल लैलूंगा अनुविभाग के घियारमुडा गांव की है। यहां गांव के दबंगों ने सरपंच के साथ मिलकर गांव के चौहान,गाड़ा जाति,और सारथी,घासिया जाति दोनों ही जाति अनुसूचित जनजाति के लोग हैं। इनके साथ जातिगत दुर्भावनावश जातिगत भेदभाव तथा छुआछूत किए जाने की घटना सामने आई है। इस वजह से गांव में बीते 50 सालों से भी अधिक समय से रह रहें दर्जनों चौहान और सारथी परिवारों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं आपको बता दें कि उक्त घटना से प्रभावित पीड़ित परिवारों के द्वारा इस घृणित मामले की शिकायत पुलिस थाना लैलूंगा में 1 वर्ष पहले की गई थी। जिस पर कोई कार्यवाही नहीं होने से लोगों के द्वारा इस मामले जानकारी रायगढ़ पुलिस अधीक्षक एवं बिलासपुर आईजी कार्यालय में दी जा चुकी है।

हालांकि इसके बाद भी इन परिवारों को अब तक न्याय नहीं मिला है। जिससे जातिगत छुआछूत करने वालों के हौसले बुलंद होने लगे हैं। वही दलित परिवार के लोग लगभग एक साल से अपमानित जीवन जीने को मजबूर है। इस स्थिति में रायगढ़ पुलिस और जिला प्रशासन दलित परिवारों को कब तक न्याय दिला पाता है यह देखना लाजिमी होगा। वहीं दलित वर्ग के कुछ लोगों का कहना है कि समय रहते अगर उन्हें प्रशासन की पहल से न्याय नहीं मिलता है तो आने वाले दिनों में इस गांव से लगे दूसरे अन्य निकटवर्ती गांवों में भी जातिगत दुर्भवानाओं की आग फैलने में देर नहीं लगेगी। अब यह देखना होगा कि इस समाचार के प्रकाशन होने के कितने दिनों बाद स्थानीय प्रशासन दलितों को कब तक न्याय दिला पाती है। इसे तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

** हम लोगों को छुआछुत कर रहे हैं। जातिगत गाली गलौच कर, पीने के लिए पानी लेने जाने और तालाब में नहाने वाली जगह में जाने जातिगत गाली दी जाती है। गांव से मारपीट कर पूरे चौहान और सारथी परिवारों को भगा देने की बात कही जाती है।*



*मिलन सारथी, ग्रामीण*

** गाड़ा और घसिया जाति के लोगों को वन अधिकार पत्र नहीं दिया जाना चाहिए। सरपंच सहित गांव के दबंगों द्वारा ऐसा कहा जा रहा है। गांव के हैंडपम्प के पनघट में पीने के लिए पानी लेने जाने पर दबंग कहते हैं कि पानी लेने मत आना क्योंकि तुम लोग छोटे जात के हो छुआछुत हो जाता हैं।*



*मुन्नी बाई,ग्रामीण*

# बिना तलाक के दूसरा विवाह अमान्य व अवैधानिक-डॉ. किरणमयी नायक

## महिला आयोग की सुनवाई में 16 प्रकरणों को नस्तीबद्ध, 4 प्रकरणों को सुनवाई के लिए रायपुर स्थानांतरित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य अर्चना उपाध्याय ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर की 178वीं और कोरबा जिले में 5वीं जनसुनवाई संपन्न हुई। आज के सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि मृतक भाई ने अनावेदक पक्ष से उधार में कपड़ा लिया था जिसके बकाया राशि का अनावेदक गण अनावेदिका से पैसे मांग रहे हैं। अनावेदक ने बताया कि 15 से 20 साल पहले आवेदिका के भाई ने 385 रुपया नहीं दिया था अनावेदक द्वारा बताया कि छोटी सी राशि की मांग नहीं किया गया है। ऐसे दशा में प्रकरण को चलाए जाने का कोई मतलब नहीं है इस हेतु प्रकरण को नस्ती बद्ध किया गया। जनसुनवाई के एक अन्य प्रकरण में दोनों पक्ष की बातों को सुना गया। एक-दूसरे के खिलाफ की गई शिकायतों को सुनने एवं दस्तावेजों को देखने में समय लगने के कारण दोनों पक्षों को समझाइश दिया गया। साथ ही दोनों पक्षों को अपने-अपने दस्तावेजों की तीन प्रति शपथ पत्र तैयार करवा कर आयोग में जमा कराने के निर्देश दिए गए। आवेदिका के प्रकरण की अगली सुनवाई रायपुर में रखी जाएगी। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित, अनावेदक 2 और 3 उपस्थित रहे एवं शेष अनावेदक अनुपस्थित थे। आवेदिका ने बताया कि उसके पति ने दूसरी महिला के साथ विवाह कर लिया है, जबकि आवेदिका से विधिवत् तलाक नहीं हुआ है। उनकी अनुपस्थिति होने पर थाना उरगा व थाना दीपका के तहत नौकरी व निवास है। दोनों थाना के माध्यम से अनावेदक को उपस्थित कराने के लिए थाना प्रभारी द्वारा पत्र प्रेषित की जाए। आवेदिका अपने पति का ऑफिस व घर का पता लिखकर जमा करें। इस प्रकरण में दूसरी लड़की के माता-पिता एवं आवेदिका के सास, ससुर और पति का नाम दर्ज किया जाए एवं शेष अनावेदक गणों का नाम हटाया जाए। प्रकरण की अगली सुनवाई रायपुर में रखा जाएगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका अनुपस्थित, अनावेदकगण उपस्थित रहे। अनावेदक ने बताया कि उसके बेटे की मृत्यु 19 फरवरी 2023 में हुई है और अनावेदिका उस समय नहीं थी। केवल उसके अंतिम संस्कार में उपस्थित हुई। अनावेदक ने पहले ही घर को अपने बेटे के नाम पर कर दिया था जो कि मकान अनावेदिका ने अपने खुद की कमाई से बनाया था। वर्तमान में वह अपनी बेटी के साथ नागपुर में रहती है, स्वास्थ्य खराब होने से बार-बार सुनवाई में आने में असमर्थ है। वह केवल अपने पोते उम्र 14 वर्ष से कभी कभी मिलना चाहती है। उसे आवेदिका के सम्पत्ति में कोई रूची नहीं है। आवेदिका को टेलीफोन से सूचना दिए जाने पर सुनवाई में आने से मना कर दिया गया है। इस प्रकरण की आगामी सुनवाई रायपुर में नियत किया जाता है। 14 जून 2023 को रायपुर में सुनवाई हेतु प्रस्तावित है। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित, अनावेदक अनुपस्थित रहा। आवेदक ने बताया कि अनावेदक ने उसका शारीरिक एवं आर्थिक शोषण किया है, उसे धमकाने घर में भी आता है। उसकी शिकायत पुलिस में की गई है। उसका प्रकरण न्यायालय में दायर करना चाहती है। इस कारण उक्त प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। अन्य 4 प्रकरणों को रायपुर में सुनवाई के लिए स्थानांतरण किया गया तथा कुल 16 प्रकरणों को नस्तीबद्ध किया गया।

## एक नजर

### पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 के नाम निर्देशन पत्र हेतु रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्था निर्वा जशपुर डॉ.रवि मित्तल ने पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 के नाम निर्देशन पत्र हेतु रिटर्निंग ऑफि सर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफि सर की नियुक्ति हेतु आदेश जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत कुनकुरी, पंच के रिक्त 02 पद के नाम निर्देशन पत्र हेतु कुनकुरी तहसीलदार को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद सीईओ को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत फरसाबहार, सरपंच के रिक्त 01 पद एवं पंच के रिक्त 06 पद के नाम निर्देशन पत्र हेतु फ रसाबहार तहसीलदार को रिटर्निंग ऑफि सर एवं जनपद सीईओ को सहायक रिटर्निंग ऑफि सर एवं जनपद पंचायत बगीचाए सरपंच के रिक्त 01 पद के नाम निर्देशन पत्र हेतु बगीचा तहसीलदार को रिटर्निंग ऑफि सर एवं जनपद सीईओ को सहायक रिटर्निंग ऑफि सर नियुक्त किया गया है। संबंधित तहसील कार्यालय में ही नाम निर्देशन पत्र लेने का स्थान निर्धारित किया गया है।

### सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में निवासरत बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यु एवं पुनर्वास हेतु विशेष अभियान 25 मई से 15 जून तक संचालित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बालकों के सर्वेक्षण रेस्क्यु एवं पुनर्वास हेतु विशेष अभियान 25 मई 2023 से 15 जून 2023 तक संचालित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी अरूण कुमार पाण्डेय एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान में पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, चाईल्ड लाईन, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, कर्मचारियों का रेस्क्यु दल का गठन किया गया है। अभियान संचालन हेतु बाल विकास परियोजना अन्तर्गत सेक्टर को संकुल बनाया जाकर पर्यवेक्षक को अपने प्रभार सेक्टर अन्तर्गत ग्राम पंचायत का प्रभारी नियुक्त किया गया है। एसओपी अनुसार सड़क जैसी परिस्थिति में रहने वाले बच्चों की श्रेणी सड़क जैसी परिस्थिति में बिना किसी सहयोग के, अकेले रहता है। अपने परिवार के साथ रहता है और दिन में सड़क और रात को अपने परिवार, जो पास की झुग्गी, झोपड़ियों में रहते है। इस श्रेणी के बच्चे अपनी उत्तरजीविता, भोजन, पानी, वस्त्र, आश्रय एवं चुनौतियों का सामना करते है ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हे संरक्षण प्रदान कर शिक्षा एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही उनको परिवारों को भी शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उनके प्रशिक्षण एवं रोजगार की व्यस्था की जाएगी। इन बच्चों के चिन्हांकन, संरक्षण एवं पुर्नवास हेतु राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी एसओपी अनुसार चरणबद्ध रूप से बालकों का चिन्हांकन, बालकों की सामाजिक पृष्ठ भूमि की जानकारी प्राप्त करना, देय सुविधाओं, लाभ का चिन्हांकन एवं अनुशंसाओं को शामिल करते हुये व्यक्तिगत देखभाल आईसीपी योजना बनानाए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण, बालक, परिवार, अभिभावकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लिंक करना एवं अनुवर्तन की कार्यवाही किया जाना है। जिले में सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में निवासरत बच्चों के सर्वेक्षणए रेस्क्यु एवं पुनर्वास हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# बगीचा के ऊपर गम्हरिया में शिविर लगाकर लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

### एसडीएम ने शिविर स्थल का किया निरीक्षण कार्ड बनाने प्रगति की ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले के छूटे हुए लोगों का प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

कलेक्टर ने शत्प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में बगीचा विकासखण्ड के ऊपर गम्हरिया एचडब्ल्यूसी रूपसेरा में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इस दौरान बगीचा एसडीएम आरपी चौहान, बीएमओ और बीडीएम ने आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे शिविर स्थल का निरीक्षण किया और कार्ड बनाने प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के टीम को प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।




# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### मॉक ड्रिल कर अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग के संबंध में दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन तथा जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी योग्यता साहू के मार्गदर्शन में जशपुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फायर सेफ्टी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित व्यापारी संघ के सदस्यों को अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं रायपुर के अग्निशमन सेवा के तकनीकी विशेषज्ञ सरवर गुलाम मुहम्मद द्वारा अग्नि, अग्नि दुर्घटनाओं, अग्नि से सुरक्षा इत्यादि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त अग्निशमन यंत्र जैसे फ ायर एक्सटिंग्यूशर, फ ायर बॉल के प्रयोग के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, एसडीएम प्रताप विजय खेस्स, सर्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी, अग्निशमन दल के सहायक उप निरीक्षक शिवशंकर प्रसाद सोनपाकर, फ ायर वाहन चालक देवेन्द्र पाठक,सैनिक इंद्रजीत दास, महेंद्र भगत, फ तेश्वर साय, राकेश भगत,गजराज साहू, सिंहासन खलखो,जयरोशन टोप्पो एवं बड़ी संख्या में व्यापारी संघ के सदस्यगण उपस्थित थे।

आगजनी से बचने के लिए जागरूकता आवश्यक है। जिसके लिए स्वयं को जवाबदेही तय करनी होगी। ज्यादातर आगजनी शॉर्टकट के कारण होता है इसलिए सुरक्षात्मक मानकों का पालन करना करें। फ ायर इंस्ट्रूमेंट लगाएं,इलेक्ट्रिसिटी की सर्टिफि केशन कराएं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में इंटीरियर एवं वायरिंग को ध्यान दें जिससे आगजनी से बचा जा सकता है समय-समय पर इलेक्ट्रिसिटी की जांच कराते रहें। प्रशिक्षण उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर में फायर ब्रिगेड कर्मियों ने व्यापारियों, अधिकारियों को आपातकालीन स्थिति में आग पर कैसे काबू पाया जाए इसको लेकर कई तकनीकी जानकारी मॉक ड्रिल कर सिखाया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग के संबंध में जानकारी दी गई तथा घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल डीजलए प्लास्टिक आदि में आग लगने से अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग कर आग पर नियंत्रण किया जा सकता है।

# जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया गया सुपोषण चौपाल


### पालकों को दी गई पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



महिला बाल विकास विभाग के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपोषण चौपाल मनाया गया और बच्चों के पालकों को पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिदिन के खान-पान में हरी साग.सब्जियों को अधिक से अधिक से उपयोग करने की सलाह दी गई। सुपोषण चौपाल के तहत् कुपोषित बच्चों का वजन किया गया और उन बच्चों का विशेष ध्यान देकर सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में कांसाबेल विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र बथानटोली, पोंगरों, कुनकुरी विकासखण्ड के गिनाबहार, सुकबासुपारा, हर्राडाड़, आंगनबाड़ी केन्द्र कदमटोली, फ रसाबहार विकासखण्ड के स्कूलपारा, बेलडीपा और पत्थलगांव विकासखण्ड के नाकापारा में सुपोषण चौपाल आयोजन किया गया और बच्चों का नियमित वजन, टीकाकरण एवं रेडी टू ईट फूड का उपयोग करने के लिए सलाह दी गई। साथ ही सभी पालकों को अपने घरों में पोषण वाटिका बनाकर उसमें हरी साग.भाजी लगाने और प्रतिदिन भोजन के साथ सेवन करने की समझाईश दी गई।

**बच्चों का नियमित वजन, टीकाकरण एवं रेडी टू ईट का उपयोग करने के लिए कहा**




# पहाड़ी कोरवा परिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 108 एवं शव वाहन की सुविधा मुहईया कराया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहाड़ी कोरवा बलमेश पिता रतिराम पहाड़ी कोरवा के शव परीक्षण के संबंध में 31 मई 2023 को रात 09.30 बजे सूचना 108 वाहन एमटी के द्वारा मोबाईल से दिया गया कि मरीज बलमेश पिता रतिराम कोरवा ग्राम सारूढाभ, अत्यधिक अज्ञात जहर का सेवन कर लिया है जो कि अत्यधिक गंभीर है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा 108 के माध्यम से मरीज को अस्पताल लाने को कहा गया। रात्रि लगभग 11ए30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा लाया गया जिसका परीक्षण डॉण्आनंद दास के द्वारा किया गया एवं ब्रॉट डेड बताया गया। रात अधिक होने के कारण शव को मच्युरी कक्ष रखने के पश्चात उसी समय पुलिस थाना बगीचा को सूचना दिया गया। दूसरे दिन प्रात: पण्डरापाठ के पुलिस चौकी के पंचनामा के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य विभाग को सौपा गया। शव परीक्षण उपरांत परिजनों के साथ शव वाहन के द्वारा लगभग 12 बजे उनके गृह ग्राम सारूढाभ भेजा गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी बगीचा के मार्गदर्शन में तहसीलदार प्रदीप राठिया, मण्डल संयोजक बगीचा बसंत कुमार गृही एवं बीएमओ बगीचा उपस्थित थे। पहाड़ी कोरवा परिवार पर टूटा परेशानियों का कहर, पहले समय पर नहीं मिली एम्बुलेंस, पोस्टमार्टम के इंतजार में पूरी रात मर्च्यरी के सामने पड़ा रहा पहाड़ी कोरवा परिवारए 12 दिन के नवजात शिशु को लेकर पत्नी के मायके चले जाने से तनाव में पति ने कर ली खुदकुशी मीडिया में छपी खबर के में स्वास्थ्य विभाग ने बताया की पहाड़ी कोरवा परिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 108 एवं शव वाहन की सुविधा मुहईया कराया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा 108 के माध्यम से मरीज को अस्पताल लाने को कहा गया रात्रि लगभग 11.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा लाया गया। जिसका परीक्षण डॉण्आनंद दास के द्वारा किया गया एवं ब्रॉट डेड बताया गया। रात अधिक होने के कारण शव को मच्युरी कक्ष रखने के पश्चात उसी समय पुलिस थाना बगीचा को सूचना दिया गया। दूसरे दिन प्रात: पण्डरापाठ के पुलिस चौकी के पंचनामा के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य विभाग को सौपा गया शव परीक्षण उपरांत परिजनों के साथ शव वाहन के द्वारा लगभग 12 बजे उनके गृह ग्राम सारूढाभ भेजा गया।

***रात अधिक होने के कारण शव को मच्युरी कक्ष में रखा, पोस्टमार्टम पश्चात शव वाहन से गृह ग्राम सारूढाभ भेजा गया***

# नांदघाट वितरण केंद्र के ग्राम मल्दा में नया विद्युत उपकेंद्र ऊर्जीकृत

### *12 ग्रामों के लगभग 1800 उपभोक्त ाओं को मिलेगी पर्याप्त वोल्टेज के साथ बिजली*

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के तहत विभागीय संचारण संधारण संभाग बेमेतरा के अंतर्गत नांदघाट वितरण केंद्र के ग्राम मल्दा खपरी में 3.15 एमव्ही,क्षमता के नये 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र को ऊर्जीकृत किया गया। ग्राम मल्दा खपरी में नया उपकेंद्र बन जाने से लगभग 1800 उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत की आपूर्ति होगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम जामुलकर ने बताया कि उक्त विद्युत उपकेंद्र के निर्माण से संबंधित क्षेत्र के 12 ग्रामों के लगभग 1800 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं विद्युत व्यवधान की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नांदघाट के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम खपरी, केशला, चिरैया, भदरली, घोघराली, सेनगांव, कंहरपुर, मल्दा, खमरिया, मूठपुरी और आसपास के क्षेत्र को अब निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने कहा है कि कंपनी अपने कार्यक्षेत्र के सभी बिजली उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। इसी दिशा में पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में निरंतर उपभोक्ता सुविधाओं का विस्तार और विद्युत प्रणाली सुदृढ़ीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। जामुलकर ने निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के लिए अधीक्षण अभियंता सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता जलालुद्दीन, जे,जगन्नाथ प्रसाद एवं जेएस भटनागर, सहायक अभियंता मनीश अग्रवाल, सीएल वर्मा, भानुप्रताप पटेल एवं जयकुमार ठाकुर तथा कनिष्ठ अभियंता अनिल चन्द्राकर सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

# सोनकर समाज सम्मेलन में शामिल हुए संसदीय सचिव,सामाजिक भवन हेतु 6.50 लाख की घोषणा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नवागढ़ सोनकर समाज नवागढ़ राज इकाई द्वारा आयोजित सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन नवागढ़ में किया सर्वप्रथम सामाजिक आराध्या रामजानकी की पूजा अर्चना कर सामाजिक महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण सहित बड़े उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया। सामाजिक मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के संसदीय सचिव एवं नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे शामिल हुये सोनकर समाज नवागढ़ को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव ने सोनकर समाज को आयोजन के लिए बधाई दिए एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य हेतु छत्तीसगढ़ सोनकर समाज को शुभकामनाएं दिए। समाज की मांग पर सोनकर समाज नवागढ़ राज के आश्रित ग्राम बाघुल में सामाजिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख की घोषणा किये जिसका सामाजिक जनों ने कर्ता ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के प्रदेश महामंत्री चेतन सोनकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ सोनकर समाज को मुख्यमंत्री द्वारा विगत 7 माह में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के माध्यम से पूरे छत्तीसगढ़ में सोनकर समाज के विभिन राज इकाइयों को कुल 1 करोड़ 60 लाख रुपये की घोषणा किये जो कि छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के लिए ऐतिहासिक हैं जिसके लिए नवागढ़ विधायक के माध्यम से पुन: मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। विशेष अतिथि के रूप में मुंगेली नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष संतुलाल सोनकर संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज के राजनीतिक विकास हेतु एकता बहुत ही जरूरी होता हैं पूरे भारत में 10 करोड़ सोनकर है जो कि अलग अलग राज्य में निवासरत हैं हम छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के रूप है।

अत: सामाजिक विकास हेतु अखिल भारतीय सोनकर संघ की ओर आज हमें आगे आने की आवश्यक हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नवागढ़ राज मनोज पुरबिया ने कहा यह नवागढ़ में पहली बार कार्यक्रम है जिसमे हमारे समाज के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों का आगमन से समाज में उत्साह का संचार हुआ हैं मुख्य अतिथि संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे के द्वारा सोनकर समाज नवागढ़ के आश्रित ग्राम बाघुल में सामाजिक भवन हेतु 6.50 लाख की घोषणा पर समाज की ओर से आभार जताया। आभार प्रदर्शन हेमंत सोनकर ने किया कार्यक्रम को सिमगा नगर पालिका अध्यक्ष अध्यक्ष भागवत सोनकर ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा सोनकर,गणेश सोनकर,सेवा निवृत्त अधिकारी नारायण सोनकर,नरेंद्र वेंताल,वेदकुमार सोनकर,नगर पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष तिलक घोष,उपाध्यक्ष आशाराम ध्रुव सुरेंद्र तिवारी, पार्षद हेमंत सोनकर,अमित जैन,यादव समाज की जिला अध्यक्ष हेमकांत यादव,पूर्व राज अध्यक्ष शिवकुमार सोनकर,चंद्रकांत सोनकर सहित हजारों की संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# जिले में अवैध रेत तस्करी पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## नदियों से रेत निकालने प्रतिबंधित पोकलेन मशीन रेत की तस्करी में किया जा रहा उपयोग

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





कोरबा जिले में अवैध रेत तस्करी पर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा है जहां दिन रात प्रतिबंधित भारी भरकम पोकलेन मशीनों से नदियों का सीना चीर कर रेत का अवैध उत्खनन एवं तस्करी को अंजाम दिया जा रहा था। ग्रामीणों के बार-बार मना करने पर भी रेत माफि याओं द्वारा लोगों को डरा धमकाकर रेत के अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा था मामले में ग्रामीणों ने नदी के किनारे जाकर इसका विरोध करते हुए चक्का जाम कर दिया और इसकी सूचना एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा एवं बांगो पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार एवं थाना प्रभारी बांगो की मौजूदगी में अवैध रेत उत्खनन पर लगी दो पोकलेन मशीनों को जप्त किया गया है वहीं 2 हाईवा गाड़ियों को भी जप्त कर जांच में लिया गया है वहीं अवैध रेत उत्खनन करने वाले क्षेत्रों की भी जांच एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा की जा रही है जिसमें आगे बड़ी कार्यवाही हो सकती है। बताया जा रहा है कि बांगो में मात्र एक रेत खदान गीता देवी अग्रवाल के नाम से स्वीकृत है लेकिन रेत माफिया द्वारा स्वीकृत खदान से हटकर बिना स्वीकृति वाली जगहों से रेत का भंडारण एवं तस्करी को अंजाम दिया जाता है और करोड़ों की कमाई की जाती है लगातार कई वर्षों से भाजपा से जुड़े इसी रेत माफिया का दबदबा क्षेत्र में कायम है जो कि अपनी ऊंची पहुंच का धौंस दिखा कर के अवैध कारोबार को लगातार अंजाम दे रहा है।



**दो पोकलेन मशीन और दो हाईवा किए गए जप्त, अवैध रेत तस्करी कर किए रेत डंप, की जा रही जांच**

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## घर के बाड़ी में लाखों का छुपा रखा था चोरी की कबाड़, आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



बीते 18 मई को थाना भटगांव पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी देवानंद के घर पास बाड़ी से करीब 4 टन कबाड़ कीमत 2 लाख 80 हजार रूपये व एक पिकअप वाहन बरामद कर धारा 41;1.4/379 भादसं के तहत कार्यवाही कर आरोपी देवानंद सोनी व सुरेन्द्र सोनी निवासी इंदिरा कालोनी भटगांव को गिरफ्तार किया था। वहीं मामले में आरोपी रामानंद सोनी फरार था। जिसकी पतासाजी की जा रही थी।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी करते हुए थाना भटगांव पुलिस ने आरोपी रामानंद सोनी पिता सुरेन्द्र सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी इंदिरा कालोनी थाना भटगांव को गिरफ्तार किया। आरोपी के निशानदेही पर सीएचपी वर्कशाप के पीछे झाड़ी से एसईसीएल में उपयोग होने वाला बड़ा पाईप रोलर 10 नग, छोटा पाईप रोलर 24 नग व लोहे का छोटा पट्टा 14 नग करीब 3 क्विंटन कबाड़ कीमत 21 हजार रूपये का बरामद किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई बीएम गुप्ता, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, पूरनचंद राजवाड़े, सुन्दरलाल, करन नेताम, शत्रुधन पोर्ते, आरक्षक मनोज जायसवाल, विनोद प्रताप सिंह, संतोष जायसवाल, कमलेश्वर सिंह व भोला शंकर राजवाड़े सक्रिय रहे।

## नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



रात में नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले दोनों आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित लड़की ने धरमजयगढ़ थाने में लिखित शिकायत की है। जिसमें दोनों आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 138/23 धारा 341, 363, 323, 376, 376, (2) एन, 376 डी, 4,6 पास्को के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वहीं मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नंदलाल पैंकरा, उपनिरीक्षक मनकुंवर सिदार की टीम ने मामले में आरोपी यशवंत सिंह उर्फ गोल्डेन उम्र 23 वर्ष सिविल लाइन धरमजयगढ़, आशीष सारथी उर्फ किट्टी उम्र 22 वर्ष पतरापारा धरमजयगढ़ को कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि वह कुछ महीनों से पत्थलगांव में रहती है जो 30 मई को अपने सहेली के घर धरमजयगढ़ आई थी। रात्रि अपनी सहेली के साथ गुड़िया होटल में नाश्ता करने गए। जहां समोसा बनने में देरी होने के कारण पीड़िता की सहेली वहां से अपनी घर की चले गई। तब पीछे पीछे पीड़िता भी पनिकापारा की ओर जा रही थी। तभी सूनेपन में उसकी पूर्व प्रेमी गोल्डेन एवं किटी मोटरसाइकिल से आए और पीड़िता के मुंह को दबाकर मोटरसाइकिल में बैठाकर दीपनगर की ओर जंगल में ले गए। जहां दोनों दरिंदों ने बारी बारी पीड़िता से अनाचार किया। रात्रि 12 पीड़िता को लाकर वहीं छोड़ दिए जहां से लेकर गए थे। रात्रि में पीड़िता अपने रिश्तेदार के घर में रुक गई। सुबह घटना की जानकारी अपनी सहेली को दी और तबियत खराब होने के कारण सिविल अस्पताल इलाज कराने गई थी। पीड़िता के लिखित आवेदन पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। वहीं न्यायायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

### एक नजर

## पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भा.पु.से. ने किया पदभार ग्रहण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले की नई पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे ने पुलिस अधीक्षक बेमेतरा का पदभार गुरूवार 01 जून 2023 को ग्रहण करने जिला पुलिस कार्यालय पहुंची। जहां उन्हें गार्ड आफआनर दिया गया, तत्पश्चात् उन्होंने जिले का पदभार ग्रहण किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के द्वारा नवागंतुक पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता को जिले के हालातों एवं कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक जानकारी देकर जिले का चार्ज सौंपा। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा ने जिला पुलिस कार्यालय के सभी शाखाओं का जायजा लिया। आईपीएस भावना गुप्ता 2014 बैच की भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे जिला सूरजपुर एवं अंबिकापुर सरगुजा में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ रही हैं। जिले का कार्यभार संभालने के बाद नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना-चौकी प्रभारी को बेहतर पुलिसिंग एवं अपराध नियंत्रण पर जोर देने कहा।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, राजेश कुमार झा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, उप पुलिस अधीक्षक कमलनारायण शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक महिला विरूद्ध अपराध कौशल्या साहू एवं प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक बृज किशोर यादव सहित समस्त थाना-चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक कापू में सेंधमारी,नहीं ले पाए रकम

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा कापू में सेंधमारी हुई है। जिसमें अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी संदीप कुमार सोनी छ.ग. ग्रामीण बैक शाखा कापू में प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। जिनके द्वारा लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जिसमें बताया गया है कि 26 मई 2023 को ऑफिस बंद होने के बाद लगभग शाम 6 बजे केशियर करन खलखो एवं चपरासी दुर्योधन नगेशिया द्वारा ग्रामीण बैंक शाखा कापू को ताला बंद किया गया था। 27 एवं 28 मई को शासकीय अवकाश होने के कारण बैंक नहीं खोला गया था। जब 29 मई की सुबह 9.45 बजे संदीप सोनी एवं दुर्योधन नगेशिया बैंक का ताला खोलकर अंदर गये तो देखे कि खिडकी पास दिवाल टूटा हुआ है। किसी अज्ञात चोर द्वारा अलमारी को क्षतिग्रस्त कर पैसा चोरी करने का प्रयास किया गया एवं सीसी टीवी कैमरे का कुछ सामान गायब मिला। प्रार्थी की रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध धारा सदर 457, 380, 427 भादवि अपराध कायम किया गया।

## स्तनपान एवं पोषण विषय पर प्रगति के संबंध में आईआईटी बाम्बे द्वारा बैठक आयोजित

### कुपोषित वाले बच्चों को गोद लेकर उनका ग्रोथ मॉनिटरिंग, स्तनपान के सुरक्षित तरीके, पोषण आहार के बारे में काउंसलिंग के निर्देश दिये

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिले में कुपोषण दर को कम करने के लिए स्तनपान एवं पोषण से संबंधित प्रशिक्षण विकासखण्डों के 150 प्रतिभागियों को विगत माह आईआईटी बॉम्बे के द्वारा प्रदाय किया गया था। जिसके प्रगति के संबंध में 150 प्रतिभागियों की आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित मंत्रणा सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आईआईटी बाम्बे के विशेषज्ञों के द्वारा ऑनलाईन मोड़ से जुड़कर प्रगति की समीक्षा की गई। मुंबई के टीम द्वारा प्रगति के संबंध में प्रसन्नता जाहिर की गई। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने बैठक में प्रतिभागियों को दस दिनों के भीतर 10 कुपोषित एवं आवश्यकता वाले बच्चों को गोद लेकर उनका ग्रोथ मॉनिटरिंग, स्तनपान के सुरक्षित तरीके, पोषण आहार के बारे में काउंसिलिंग के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य तथा आईसीडीएस के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग, समीक्षा एवं फ ॉलोअप हेतु निर्देशित किया है।

## बाल संप्रेक्षण गृह के हितग्राहियों को कम्प्यूटर हार्डवेयर असेम्बलिंग एवं इंस्टॉलेशन कोर्स का दिया जा रहा प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह जशपुर के हितग्राहियों को कम्प्यूटर हार्डवेयर असेम्बलिंग एवं इंस्टॉलेशन कोर्स अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि हितग्राहियों को कम्प्यूटर हार्डवेयर असेम्बलिंग एवं इंस्टॉलेशन कोर्स की अवधि 02 माह की है। कोर्स समाप्ति उपरान्त हितग्राही निजी संस्था में कार्य कर अच्छी आमदनी कर अर्जित सकते हैं या स्वयं का व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं। प्रशिक्षण ले रहे हितग्राहियों में कोर्स को लेकर उत्साह है। हितग्राहियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

# हिण्डाल्को जीएनसी, बीकेबी बाक्साइड खान प्रबंधक ने अवकाश के दिन धड़ल्ले से चला रही बाहरी लेबरों से माइंस

## अपने पैसों से जूता, टोपी, दास्ताना खरीद कर अपनी सेफ्टी कर रहे मजदूर लेबर, जूता, टोपी, दास्ताना सिर्फ हिण्डाल्को का दिखावा

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

अनुसार आपको बता दे कि सामरी क्षेत्र के अंतर्गत बास टोली माइंस में रविवार छुट्टी के दिन भी माइंस खदान चालू है। जब कि छुट्टी के दिन सिर्फ मशीन चलाने की आदेश है, लेकिन आप देख सकते हैं। हिण्डाल्को जैसी बड़ी कंपनी छुट्टी के दिन भी माइंस खदान धड़ल्ले से चालू है। और और बाहरी लेबरो के द्वारा जान जोखिम में डालकर कर ट्रकों में पत्थरों की लोडिंग करने का खेल खुलेआम चल रहा है। जब हमारे संवाददाता ने मेट मुन्शी से बात करनी चाही तो उन्होंने कहा कि इस तरह से आप हम से सवाल जवाब न करे माइंस में बिना अनुमति आने का आदेश नहीं है। हमारे इन्चार्ज मैनेजर से पूछ कर आने को कहा गया। तब हमारे संवाददाता ने सवाल किया कि अवकाश छुट्टी, के दिन हिण्डाल्को प्रबंधन माइन्स खोल कर के अवैध तरीके से बाहरी लोगों से काम करवा रही है। क्या यह सही है। तो उन्होंने कहा कि खोलने का आदेश होगा तब तो काम करा रही है। न हिण्डाल्को चोरी नही कर रही है। कहते हुए संवाददाता के माइक को हटाते हुए उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दिया।

### आखरी हिण्डाल्को खान प्रबंधन के कोई भी अधिकारी क्यों नहीं देते उचित जवाब

तब वही माइंस खदान, में काम रह रहे मौजूद लेबर से जब पूछा गया कि आपका बी.फार्म में नाम है, की नहीं तो उन्हीने कहा कि नहीं। हम बाहरी लेबर है, काम करते है, पैसा लेकर चले जाते है। गौरतलब विषय यह है। बाहरी लेबर से जान जोखिम में डालकर इस तरह से अवकाश के दिन काम करा रही है, जो कि गलत है। दूसरी और देखा जाए तो हिण्डाल्को कंपनी कहती है, की हमारे जितने लेबर है, सभी को सेफ्टी के तहत टोपी, दास्तान, जुता दिया जाता है। माइंस में काम करने वाले सभी लेबरों को लेकिन यहाँ तो कुछ और ही








लेबरों से जानना चाहा तो उन्हीने कहा कि ये जो टोपी, जुता, का पैसा हम खुद दिए है। तब जा के यह टोपी पहने है। हिण्डाल्को खान प्रबंधक के द्वारा नियमों को ताक में रख कर कोई भी सेफ्टी देने का कार्य नही कर रही है। इतनी बड़ी कंपनी इस तरह से कार्य धड़ल्ले से कर रही है। जिसकी जानकारी किसी को भी नहीं, जानकारी होने के बाद भी नही होती है। कुछ कार्यवाही आखिर क्यों। लेबरों से इतनी बड़ी काम करा रही है, अगर किसी तरह काम करते दुर्घटना हो जाती है, तो उस बाहरी लेबर को क्या मिलेगा उसके के साथ छल कर धड़ल्ले रूप से कार्य करा रही।

### क्या कहती है कंपनी

कंपनी अग्रीमेंट के तहत जिसकी भूमि में हिण्डाल्को खनन करती है। उसे रोजगार नौकरी देने की व वहा के स्थनीय लोगों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को नौकरी देना अनिवार्य है ऐसा कंपनी कहती है। लेकिन ज्यादा तर देखा जाय तो जिसकी भूमि होती है। उसे तो दूर उसे काम मे तक नही रखा जाता है। तो और लोगो के साथ क्या होता होगा। बाहरी लेबर से वह अपना कार्य करा रही है। कंपनी अपने अनुबंध से हट कर अपने नियम अनुसार काम कर रही है इतनी बड़ी कंपनी आखिर क्यों?

### क्या कारण है।

क्या इसकी जिम्मेदारी हिण्डाल्को, जीएनसी, बीकेबी की होगी आखिर इसके जिम्मेदार कौन?

### इस संबंध में जब बात की गयी तो क्या कहते हैं-माइंस मैनेजर अमित तिवारी

उन्होंने कहा कि पहले तो आप हम से बात कर रहे है। हमारा बात रिकार्डिंग मत किजये जब कि उनसे पूछा गया कि अवकाश के दिन बाहरी लेबर से बिना बीफ ार्म वाले लोगों को काम क्यों रहा है। तो उनका कहना है, की हम जवाब नही देंगे, हमारे अधिकारी रांची झारखण्ड में बैठे हैं। हम इस विषय पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकते है।

### क्या कहते हैं इटक मजदूर संघ के अध्यक्ष अजय यादव

***हिण्डाल्को के द्वारा जो इस तरह से अवैध रूप से बाहरी लेबर को रख कर, बिना सुरक्षा दिए जो कार्य करा रही है। जिसकी जिम्मेदार हिण्डाल्को कंपनी नही होती है। लेकिन ऐसे मैं किसी की काम करते दुर्घटना हो जाती है। तो बड़ा विषय है, नियमो को ताक पर रख कर ऐसा कार्य बिल्कुल नहीं होना चाहिए यह गलत है। इस विषय में जब हमने एसडीएम कुसमी से जानकारी लेनी चाही गयी तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं की गयी।***

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in